RNI. Reg. MPHIN/2019/78560

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित

# दैनिक विनय उजाला

वर्ष-05, अंक 353 | अलीराजपुर, बुधवार ● 20 नवम्बर 2024 | मूल्य 2.00 रुपए , कुल पृष्ठ - 8

**सुविचार**

अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना,
सबसे बड़ा तप है।
- डॉ. विनय दीवान, भोपाल

उत्तम से सर्वोत्तम वही हुआ है,
जिसने आलोचनाओं को सुना और
सहन किया है पर लक्ष्य नहीं छोड़ा।
- माया बैरागी, सैलाना रतलाम

अहंकार और अकड ये दोनों जीवन के
सबसे बड़े दुश्मन है, क्योंकि ये ना तो
आपको किसी का होने देते है और
ना ही कोई आपका होना चाहता है...
- मीनाक्षी शुक्ला, खंडवा

## 'लोकमंथन' का राष्ट्रपति मुर्मु करेंगी उद्घाटन, 21 से 24 नवम्बर तक भाग्यनगर में होगा आयोजन

**नई दिल्ली (हि.स.)।** अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और सांस्कृतिक महोत्सव 'लोकमंथन' 21 से 24 नवंबर तक भाग्यनगर (हैदराबाद) में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार यह भारतीय संस्कृति की एकता का देश का सबसे बड़ा उत्सव होगा। लोकमंथन-2024 का थीम 'लोक अवलोकन, लोक विचार, लोक व्यवहार और लोक व्यवस्था' है। इसका विधिवत उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 22 नवंबर को शिल्प कलावेदिका में करेंगी। पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू इससे पूर्व 21 नवंबर को शिल्प कलावेदिका में प्रदर्शनी और सांस्कृतिक महोत्सव का उद्घाटन करेंगे।




## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी ने देररात अमृतसर में दरबार साहिब में माथा टेका

**चंडीगढ़ (हि. स.)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सोमवार देररात अमृतसर में दरबार साहिब में माथा टेकने पहुंचे। वह सुबह सूरज निकलने से पहले अमृतसर से वापस लौट गए। पंजाब के चार विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए 20 नवंबर को मतदान होना है। इससे पहले राहुल गांधी का दौरा कांग्रेसियों के लिए अहम माना जा रहा था, लेकिन वह यहां किसी से नहीं मिले। राहुल गांधी रांची से अमृतसर देररात पहुंचे। सांसद गुरजीत सिंह औजला, पूर्व डिप्टी सीएम ओम प्रकाश सोनी समेत कई नेताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद इन नेताओं के साथ वह दरबार साहिब पहुंचे। यहां माथा टेकने के बाद राहुल ने पानी पिलाने और बर्तन साफ करने की सेवा की। कुछ देर के लिए वह जोड़ा घर भी गए। जोड़ा घर में उन्होंने श्रद्धालुओं के जूते संभाले। इसके बाद राहुल गांधी एक अन्य कार्यक्रम में भी शामिल हुए। दरबार साहिब में उनके वीआईपी दर्शन कराए जाने को लेकर एक महिला ने हंगामा भी किया।

### रेलवे सोशल मीडिया पर प्राप्त शिकायतों का कर रही त्वरित निपटान

**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय रेलवे सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त होने वाली यात्रियों की खानपान और अन्य शिकायतों का त्वरित निपटान कर रही है। इस साल अप्रैल से अक्टूबर माह के बीच 1750 शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए रेलवे ने चार करोड़ 40 लाख से अधिक का जुर्माना ठेकेदारों पर लगाया है। रेल मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल यात्रियों की सेवा में सुधार के लिए रेल मदद पर पोस्ट होने वाली शिकायतों की निगरानी, त्वरित निवारण करने के सख्त निर्देश दिए हैं। इसके तहत रेलवे बोर्ड के कंट्रोल रूम में अधिकारियों की टीम सोशल मीडिया, रेल मदद ऑनलाइन, 139 पर होने वाली शिकायतों की 24 घंटे निगरानी कर रहा है।

### राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन 11 और 12 जनवरी को दिल्ली में होगा

**नई दिल्ली (हि.स.)।** खेल मंत्रालय युवाओं के लिए राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन करने जा रहा है। भारत मंडपम में अगले साल 11 और 12 जनवरी को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में हजारों युवाओं के भाग लेने की उम्मीद है। भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने एक संदेश में कहा कि राष्ट्रीय युवा महोत्सव 11 और 12 जनवरी 2025 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। यह 15 से 29 साल आयु वर्ग के युवाओं के लिए अपने विचारों को सीधे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने प्रस्तुत करने के लिए एक प्रभावी मंच के रूप में काम करेगा।




43वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में मध्यप्रदेश दिवस का आयोजन

# मध्यप्रदेश को आर्थिक रूप से देश का सबसे सशक्त राज्य बनाएंगे

**मुख्यमंत्री की गतिशीलता प्रदेश के औद्योगीकीकरण में सहायक : मंत्री काश्यप**

विनय उजाला




**अलीराजपुर/भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश प्राकृतिक संसाधनों और संपदा से संपन्न राज्य है। प्रदेश की हर काल और युग में विशेष सांस्कृतिक पहचान रही है।**

आधुनिक काल में औद्योगिक समृद्धि के आधार पर देश का नंबर वन राज्य बनाने के संकल्प के साथ प्रदेश में रोजगारपरक उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदेश की समृद्ध प्राचीन संस्कृति और कलात्मक धरोहर को संजोए रखते हुए जन-कल्याणकारी नीतियों के माध्यम से उद्योग अनुकूल वातावरण तैयार कर प्रदेश में व्यापार, उद्योग और सेवा क्षेत्रों का वृहद विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को दिल्ली स्थित भारत मंडपम में चल रहे 43वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में मध्यप्रदेश दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में दो ज्योतिर्लिंग स्थित है। यह नदियों का मायका है, जहां पावन नर्मदा और शिप्रा नदियां बहती हैं। प्रदेश वन्य-जीव से संपन्न एकमात्र टाइगर स्टेट, तेंदुआ स्टेट और चीता स्टेट राज्य है। प्रदेश में खनिज संपदा भी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है और यह एकमात्र हीरा उत्पादक राज्य है। इसके अलावा प्रदेश की सदियों से कला, संस्कृति और सभ्यता की विशेष पहचान रही है। इसका 5 हजार साल पुराना समृद्ध इतिहास रहा है और यह भगवान श्रीकृष्ण और भगवान श्रीराम की कर्मभूमि और तपोभूमि रही है।

### औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के लिए संभाग से लेकर वैश्विक स्तर तक प्रयास जारी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश को आर्थिक रूप से देश का सबसे सशक्त राज्य बनाने के लिये प्रदेश में औद्योगिक निवेश बढ़ाने के लिए लगातार कार्य जारी है। प्रदेश में संभाग स्तर पर उद्योग समूहों को आमंत्रित कर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किए जा रहे है, साथ ही तमिलनाडु, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल में रोड-शो कर निवेशकों और उद्योग समूहों को प्रदेश में अपनी गतिविधियां संचालित करने और उनका विस्तार करने के लिए आमंत्रित किया गया। इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं। अब भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि वैश्विक स्तर से निवेशकों और उद्योग समूहों को प्रदेश में आमंत्रित करने के लिए उनकी इंग्लैंड और जर्मनी की यात्रा प्रस्तावित है, साथ ही अन्य देशों की यात्रा की भी योजना है। मुख्यमंत्री ने मीडिया से चर्चा में यह बात कही।

## विज्ञान और किसान के बीच की दूरी कम करनी होगी : शिवराज चौहान

**नई दिल्ली (हि.स.)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कहा कि विज्ञान और किसान के बीच की दूरी कम करनी होगी। उन्होंने कहा कि सरकार लैब टू लैंड-वैज्ञानिक से किसान तक समय पर सही जानकारी पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।**

केंद्रीय मंत्री चौहान ने पूसा में आयोजित वैश्विक मृदा कॉफ्रेंस-2024 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि वैज्ञानिक नवाचारों और विस्तार प्रणालियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। भारत के कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसियां के सहयोग से भी किसानों को ज्ञान और कौशल प्रदान करने के लिए काम कर रहे हैं। चौहान ने कहा कि हम आधुनिक कृषि चौपाल का कार्यक्रम जल्दी शुरू करने वाले हैं, जिसमें वैज्ञानिक लगातार किसानों से चर्चा करके जानकारियां देंगे और समस्याओं का समाधान भी करेंगे। इसके अतिरिक्त निजी और गैर सरकारी संगठनों के नेतृत्व वाली विस्तार सेवाओं ने उन्नत तकनीक को किसानों तक पहुंचाया है और उसका लाभ अब किसान ले रहे हैं। चौहान ने कहा कि केमिकल फर्टिलाइज़र का बढ़ता उपयोग व बढ़ती निर्भरता, प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन और अस्थिर मौसम ने मिट्टी पर दबाव डाला है। आज भारत की मिट्टी बड़े स्वास्थ्य संकट का सामना कर रही है। कई अध्ययनों के अनुसार हमारी 30 प्रतिशत मिट्टी खराब हो चुकी है। इस समस्या से निपटने के लिए 2015 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनाने की शुरुआत हुई थी। इससे किसानों को अब पता है कि कौन-सी खाद कितनी मात्रा में उपयोग करनी है।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि किसान मिट्टी के सबसे बड़े संरक्षक हैं, उन्हें शिक्षा, प्रोत्साहन और आधुनिक वैज्ञानिक जानकारी के माध्यम से हमें सशक्त बनाना है। युवाओं को भी इसमें शामिल करना चाहिए। कृषि एक लाभदायक व सम्मानजनक पेशा है, इसके लिए भी युवाओं को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। छात्रों और शोधकर्ताओं को स्थानीय व वैश्विक मृदा की चुनौतियों का समाधान करने वाले नवाचारों को विकसित करने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मिट्टी का क्षरण राष्ट्रीय मुद्दा ही नहीं बल्कि वैश्विक चिंता का विषय है जो कि संयुक्त राष्ट्र का सतत विकास लक्ष्य-एसडीजी को प्राप्त करने के लिए अनिवार्य है।

## एआईआईए में नए शैक्षणिक सत्र के लिए 15 दिन तक चलने वाले ओरिएंटेशन प्रोग्राम की शुरुआत

**नई दिल्ली (हि.स.)।** अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) में नए शैक्षणिक सत्र के लिए सोमवार को परास्नातक छात्रों का पारंपरिक तरीके से स्वागत समारोह कार्यक्रम %संस्कार 2024% का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान सभी नवागंतुक 85 छात्रों ने शपथ ली। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ तनुजा मनोज नेसारी ने सभी नये छात्रों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए छात्रों से भविष्य में इतिहास रचने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान की दो प्रमुख बातें हैं, जिसमें सर्वोत्तम शिक्षा और परिवर्तनकारी यात्राओं को महत्व देना शामिल है।

## कोप 29- पेरिस समझौते के तहत जलवायु परिवर्तन के खिलाफ सभी हों एकजुट : कीर्तिवर्धन सिंह

**नई दिल्ली (हि.स.)। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने मंगलवार को बाकू, अजरबैजान में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के उच्च स्तरीय खंड में सीओपी29 (कोप 29) को ऐतिहासिक बताया।**

उन्होंने कहा कि सभी देशों से यूएनएफसीसीसी और इसके पेरिस समझौते के तहत जलवायु परिवर्तन के खिलाफ सामूहिक लड़ाई लड़ने के लिए आगे आना चाहिए। इन बैठकों में जो भी निर्णय हो, वह हम सभी को, विशेष रूप से ग्लोबल साउथ में न केवल महत्वाकांक्षी शमन कार्रवाई करने में सक्षम करेगा बल्कि जलवायु परिवर्तन के अनुकूल भी होगा। कीर्तिवर्धन ने दोहराया कि इस मंच पर निर्णय समानता, जलवायु न्याय और पेरिस समझौते के मूल सिद्धांतों द्वारा निर्देशित होने चाहिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न राष्ट्रीय परिस्थितियों, सतत विकास लक्ष्यों और गरीबी उन्मूलन के संदर्भ, विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के हितों की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ जलवायु परिवर्तन के कारकों को कम करने के कारण भारी वित्तीय बोझ उठा रहे हैं और दूसरी तरफ जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले नुकसान और क्षति का भी सामना करना पड़ रहा है। जलवायु परिवर्तन से निपटने की दिशा में भारत की पहलों के बारे में मंत्री ने बताया कि देश ने 2030 से बहुत पहले कार्बन उत्सर्जन तीव्रता में कमी एवं गैर जीवाश्म आधारित स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता पर 2015 के एनडीसी लक्ष्यों को हासिल कर लिया है।

## नेपाल-चीन सीमा से सटे पिथौरागढ़ में हिंदुत्व का बोध करा गए मोहन भागवत, पंच परिवर्तन का दिया संदेश

**देहरादून (हि.स.)।** धर्म-अध्यात्म, संस्कार और संस्कृति के साथ आत्मनिर्भरता की राह पर बढ़ते उत्तराखंड की देवभूमि पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक (आरएसएस प्रमुख) डॉ. मोहन भागवत मानवता के कल्याण के लिए पंच परिवर्तन स्वदेशी, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य व पर्यावरण एवं जल संरक्षण का संदेश दे गए। आरआरएस प्रमुख डॉ भागवत नेपाल-चीन सीमा से सटे उत्तराखंड के सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में प्रवास पर थे। डॉ भागवत मौजूदा वैश्विक हालातों में दुनिया को सही राह दिखाने के लिए सनातन धर्म के सिद्धांतों पर आधारित हिंदुत्व का बोध करा गए। आरएसएस प्रमुख 16 नवंबर को चार दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड आए थे।

## सीजीपीएससी घोटाला... 7 दिन की सीबीआई रिमांड पर पूर्व चेयरमैन टामन सोनवानी और श्रवण गोयल

**रायपुर (हि.स.)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की 2021 राज्य सेवा भर्ती परीक्षा में कथित घोटाले के मामले में आयोग के पूर्व चेयरमैन टामन सोनवानी और बजरंग पॉवर इस्पात के डायरेक्टर श्रवण कुमार गोयल को सीबीआई ने रायपुर की विशेष न्यायालय के जज लीलाधर यादव के समक्ष पेश किया गया।**

कोर्ट में पेशी के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। विशेष कोर्ट ने दोनों आरोपितों को 25 नवंबर तक सीबीआई रिमांड पर सौंपा है। इन 7 दिनों की रिमांड में सीबीआई आरोपितों से कई बिंदुओं पर पूछताछ करेगी। सीबीआई ने दोनों आरोपितों की 12 दिनों की रिमांड मांगी थी। टामन सोनवानी के वकील गणेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि विशेष कोर्ट ने सीबीआई को पूर्व चेयरमैन सोनवानी और श्रवण गोयल की सात दिनों की रिमांड दी है। हमने अपने पक्षकार की दलीलें रखी हैं। सीबीआई के आरोप पूर्णत: गलत हैं। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनकर अपना फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन रिमांड के दौरान करने के निर्देश दिए गए हैं। हमने सीबीआई के आरोपों को गलत बताया है। टामन सोनवानी की पूछताछ की प्रक्रिया वकील की मौजूदगी में होनी है। इस मामले पर अगली सुनवाई अगामी 25 नवंबर को होगी। गौरतलब है कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की 2021 राज्य सेवा भर्ती परीक्षा में कथित घोटाले के मामले में पूर्व पीएससी अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी और उद्योगपति श्रवण कुमार गोयल को सोमवार 18 नवंबर को गिरफ्तार किया है।

महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों पर वोटिंग आज

# भाजपा 149, कांग्रेस 101 सीटों पर लड़ रही

**मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा की 288 विधानसभा सीटों के लिए बुधवार को सिंगल फेज में वोटिंग होगी। शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) में टूट के बाद कुल 158 दल चुनाव मैदान में हैं। इनमें 6 बड़ी पार्टियां दो गठबंधनों का हिस्सा बनकर चुनाव लड़ रही हैं।**

भाजपा की अगुआई में शिंदे गुट की शिवसेना और अजित पवार की NCP महायुति का हिस्सा हैं। जबकि कांग्रेस, उद्धव ठाकरे की शिवसेना (UBT) और शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) यानी NCP(SP) महाविकास अघाड़ी का हिस्सा हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा-शिवसेना का गठबंधन था। तब भाजपा ने 105 और शिवसेना ने 56 सीटें जीती थीं। जबकि कांग्रेस को 44 और NCP को 54 सीटें मिलीं थीं। भाजपा-शिवसेना आसानी से सत्ता में आ जातीं, लेकिन गठबंधन टूट गया। तमाम सियासी उठापटक के बाद 23 नवंबर, 2019 को देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री और अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली, लेकिन बहुमत परीक्षण से पहले ही 26 नवंबर को दोनों को इस्तीफा देना पड़ा। इसके बाद 28 नवंबर को शिवसेना, NCP और कांग्रेस की महाविकास अघाड़ी सरकार सत्ता में आई।

उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र के CM बने। करीब ढाई साल बाद शिवसेना और उसके एक साल बाद NCP में बगावत हुई और 2 पार्टियां 4 दलों में बंट गईं। इसी राजनीतिक पृष्ठभूमि पर हुए लोकसभा चुनाव में शरद पवार और उद्धव ठाकरे की पार्टियों को बढ़त मिली थी।



### महाराष्ट्र में वोटिंग से पहले विनोद तावड़े पर पैसे बांटने का आरोप

महाराष्ट्र में मतदान से एक दिन पहले मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े पर नालासोपारा में पैसे बांटने के आरोप लगे हैं। उसके बाद इस मामले में चुनाव आयोग ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराई है। तावड़े के साथ ही भाजपा उम्मीदवार राजन नाईक के विरुद्ध भी एफआईआर दर्ज की गई है। हालांकि, विनोद तावड़े ने इसे अपने विरुद्ध महाविकास आघाड़ी कार्यकर्ताओं की साजिश करार दिया है।

### मुंबई में विस चुनाव के लिए 25,000 पुलिसकर्मी तैनात

मुंबई में विधानसभा की 36 सीटों पर सुरक्षित मतदान संपन्न करवाने के लिए 25,000 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए दंगा नियंत्रण पुलिस की तीन टुकड़ी भी तैनात की गई है। यह जानकारी मुंबई पुलिस आयुक्तालय ने दी है। मुंबई में विधानसभा की कुल 36 सीटें हैं। इनमें मालाड पश्चिम, जोगेश्वरी पूर्व, अंधेरी पश्चिम, बांद्रा पूर्व, कुर्ला, भायखला आदि सीटों को संवेदनशील माना जाता है। इसे देखते हुए मुंबई में सुरक्षित मतदान संपन्न करवाने के लिए मुंबई पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करते हुए पांच अतिरिक्त आयुक्त, 20 उपायुक्त, 83 सहायक पुलिस आयुक्त और 2,000 से अधिक अधिकारी और 25,000 से अधिक कांस्टेबलों को शहर में निगरानी के लिए नियुक्त किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### जनजातीय गौरव दिवस : निबंध एवं कविता प्रतियोगिता संपन्न




**बाग, निप्र।** शासन के निर्देशानुसार क्रांतिसूर्य बिरसा मुंडा के जन्मदिवस एवं जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 15 नवंबर से दिनांक 26 नवंबर तक विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाना है जिसके तहत शासकीय सी एम राईज विद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा आधारित रांगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बालिकाओं ने जनजातीय शहीदों के चित्र विभिन्न आकर्षक रंगों द्वारा बनाए। कविता प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने शहीदों की गाथाएं गीतों में प्रस्तुत की। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य डी.एस.बघेल, उमाशि दिनेश अजनारे, पारस परिहार, नीतू यादव, श्रुति वैष्णव, मनीषा राठी एवं स्टाफ मौजूद रहे।

### गाड़ी के ऊपर छकड़ा बैलगाड़ी



**धामनोद, निप्र।** आधुनिकता की इस दौड़ में दशकों पूर्व चलने वाली छकड़ा गाड़ी अब नदारद सी हो गई है लेकिन कुछ किसानों के पास आज भी यह गाड़ी है धामनोद नगर से एक पिकअप के ऊपर छकड़ा गाड़ी (बैलगाड़ी) रखी हुई गुजरी गाड़ी में आगे बेल भी थे हर कोई इस गाड़ी को देखकर अपने पुराने बीते गांव के दिन याद कर रहे थे।

### जोशी बने कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष





**बदनावर, निप्र।** लंबे समय से कांग्रेस सेवा दल में अपने कार्यों का निष्ठा से निर्वहन करने वाले जुझारू नेता जितेंद्र जोशी पर आला कमान ने भरोसा जताते हुए कांग्रेस सेवा दल का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। भारतीय कांग्रेस सेवा दल से प्रशिक्षण प्राप्त नगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रचार व मंत्री के रूप में शुरुआत करी बाद में प्रेस प्रवक्ता बने और जिला कांग्रेस सेवा दल के कोषाध्यक्ष पद पर काम करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष भी रहे। विगत 25 वर्षों से लगातार सेवादल में सेवा देने के पश्चात जोशी को जिला अध्यक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका मिली है। श्री जोशी राजनीति के अलावा प्रेस क्लब श्रमजीवी पत्रकार संघ के नगर अध्यक्ष के साथ-साथ ब्राह्मण समाज के जिला कार्यकारिणी सदस्य हैं। श्री जोशी की नियुक्ति पर ईस्ट मित्रों एवं कांग्रेस की कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है।

### राज्यपाल को मांडू आने का न्योता दिया विकास की योजनाओं पर हुई चर्चा



**धामनोद, निप्र।** धरमपुरी विधायक कालू सिंह ठाकुर के साथ क्षेत्र के अन्य लोग भोपाल राजभवन पहुंचे और वहां महामहिम राज्यपाल मंगू भाई पटेल से मुलाकात की। इस दौरान धरमपुरी विधायक कालू सिंह ठाकुर ने विधानसभा क्षेत्र के विकास के मुद्दों को लेकर राज्यपाल से लंबी चर्चा की और उन्हें यहां की जनजातीय संस्कृति और उनकी विशेषताओं से भी अवगत कराया। विधायक ठाकुर ने राज्यपाल को मांडू के इतिहास से अवगत करवाते हुए यहां पर पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ आदिवासी संस्कृति के प्रसार को लेकर भी चर्चा की। विधायक ठाकुर ने राज्यपाल को बताया कि मांडू में प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में देसी विदेशी पर्यटक आते हैं। यहां राज्य शासन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास कर रहा है और कई विकास कार्य भी तेजी से जारी है पर मांडू को और भी आगे विश्व पटेल पर लाने के लिए यहां विशेष प्रयास करने होंगे। विधायक ठाकुर ने इस दौरान उन्हें मांडू आने का न्योता दिया जिसे राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने शहर से स्वीकार कर जल्द ही मांडू आने की बात कही। विधायक ठाकुर ने बताया कि महामहिम राज्यपाल ने सभी विकास के मुद्दों को बड़ी गंभीरता से सुना और उन्हें अपने स्तर से तत्काल आगे बढ़ाकर सरकार को भेजने की बात कही। उन्होंने कहा कि मांडू ऐतिहासिक और धार्मिक पर्यटन स्थल के साथ आदिवासी संस्कृति के पर्यटन केंद्र के रूप में भी बड़ा स्थान बने इसके लिए वह हर संभव प्रयास करेंगे धामनोद विधायक प्रतिनिधि ममता वर्मा भी साथ मौजूद थी।

### जनसुनवाई में आए कुल 105 आवेदन



**धार, निप्र।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशानुसार एसडीएम रोशनी पाटीदार, संयुक्त कलेक्टर द्वय शाश्वत शर्मा और जगदीश मेहरा ने मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं को सुना और सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस जनसुनवाई में कुल 105 आवेदन आए। इस जनसुनवाई में आर्थिक सहायता दिलवाने, नामांतरण करवाने, खेत तक जाने का रास्ता खुलवाने, चरनोई से कब्जा हटवाने, अतिक्रमण हटवाने, आम रास्ते से कब्जा हटवाने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने, सीमांकन करवाने, लोन दिलवाने, मुआवजा राशि दिलवाने, पुलिया निर्माण करवाने, पेंशन दिलवाने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए।

# बारिश थमी तो सड़कों पर उड़ती धूल बरपाने लगी कहर, सांसों में घुल रहा जहर

## पर्यटन नगरी मांडू की सड़क पर उड़ रहे हैं धूल के गुब्बारे, शहर के लोग और यहां आने वाले पर्यटक इससे परेशान, एलर्जिक लोगों के लिए ज्यादा परेशानी

विनय उजाला

**मांडू, निप्र। पर्यटन नगरी मांडू शहर की मुख्य सडक़ों का बारिश के बाद बुरा हाल हो गया है। सडक़ का डामर उखड़ गया है। गिट्टी का जीरा सडक़ पर बिखर गया है। ज्यादातर सडक़ों पर धूल के गुबार उड़ रहे हैं। दिन रात उडऩे वाली इस धूल से रहागीर व स्थानीय निवासियों के फेंफड़ों और आंखों में भर रही है। जिससे आंखों की समस्या के साथ ही सर्दी, खांसी और एलर्जी के मरीज बढ़ रहे हैं। धूल के कारण ही सर्दी-खांसी के मरीजों को स्वस्थ होने में तीन दिन के वजाए एक सप्ताह और कभी कभी 15 दिन तक लग रहे हैं।**

बारिश के थमते ही शहर की जर्जर सड़कों पर धूल के गुबार उड़ने लगे हैं। इस परेशानी का सामना सबसे अधिक दोपहिया वाहन चालकों को करना पड़ रहा है। चौंकाने वाली बात यह है कि शहर में 78 प्रतिशत नागरिक दो पहिया वाहन चलाते हैं, जिनकी सांसों में यह धूल का जहर घुल रहा है। अगर इसी तरह धूल उड़ती रही तो लोगों को आंख, नाक और सांस संबंधी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। यदि जल्द ही सड़कों से धूल नहीं हटाई गई तो बहुत लोग बीमारियों की चपेट में आ जाएंगे। डॉक्टरों का कहना है कि यह धूल सबसे अधिक एलर्जिक लोगों के लिए घातक है। इस धूल की वजह से गाड़ी चलाते वक्त एलर्जिक व्यक्ति को सांस के दौरे तक पड़ सकते हैं।

### हर किसी के लिए मुसीबत बनी धूल

मांडू नगर के मुख्य चौराहे से लेकर जमा मस्जिद महल और श्वेतांबर जैन मंदिर तक इस धूल ने सडक़ किनारे दोनों पट्टियों में बने



घर और दुकान दुकानदार के साथ यहां आने वाले पर्यटक भी इस धूल और गाडो से परेशान हो रहे है। साथ ही इन गढ़ों में दो पहिया वाहन चालक परेशान हो रहे हैं। बारिश के समय हुए गड्ढों की मिट्टी धीरे-धीरे बाहर आ गई और जैसे ही कोई भारी वाहन सडक़ से निकलता है, तो मिट्टी से बने धूल के गुबार राहगीरों को परेशानी का सबब बन जाते हैं। साथ ही सडक़ पर दुकान खोले दुकानदार रोजाना गड्ढ़ों की धूल खाकर बीमारी की ओर बढ़ रहे हैं।

### ये हो रही समस्या

डॉक्टर संदीप पाटीदार का कहना है कि उनके पास आने वाले मरीजों में ऐसे मरीज भी हैं, जो स्ट्रीट वेंडर हैं। दिनभर धुआं-धूल, ध्वनि प्रदूषण के बीच रहते हैं। लंबे समय में इन सब प्रदूषणों का स्वास्थ्य पर बुरा असर होता है। लोगों को सर्दी-खांसी जैसी समस्या वायु प्रदूषण के कारण ही बढ़ी है। प्रदूषण के कारण लोगों में स्किन को लेकर भी समस्या हो रही है। जो लोग पूरे समय धूल, धुआं के संपर्क में रहते हैं, उनके शरीर में आंतरिक समस्या के साथ ही बाहरी समस्या भी होती है। हवा में धुआं, धूल के कण बढऩे से श्वांस संबंधी परेशानी होती है। खासकर बुजुर्ग व बच्चे प्रदूषित वायु के चलते ब्रोनकाइटिस जैसी बीमारी की चपेट में आ जाते हैं। कुछ लोगों की समस्या बढकर् अस्थमा बन जाता है। एलर्जी के मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। जिन्हें धूल व धुआं से एलर्जी हो रही है।

### सड़क से गुजरते समय सांस लेना मुश्किल

शहर की सड़कों पर उड़ रही धूल के कारण वाहन चालकों को सांस लेना भी मुश्किल होने लगा है। दो पहिया वाहन चालक मुंह में कपड़ा बांधकर निकलने के लिए मजबूर हैं। अहम बात यह है कि जो लोग धूल से गुजरते हैं, वह अचानक नाक बंद करते हैं। ऐसे में दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है।

### शहर में वाहनों की स्थिति

78 प्रतिशत - दोपहिया वाहन

28 प्रतिशत - चार पहिया वाहन

*सड़कों से धूल हटाने के लिए सफाई करवा रहे हैं, सड़क एमपी आरडीसी विभाग की है, गड्ढे हो गए हैं बारिश के उनमें से धूल के गुब्बारे उड़ रहे हैं हम धूल सड़कों से सफाई कर कर पानी से साफ करेंगे।*

**-लालसिंह राठौड़, सीएमओ नगर परिषद मांडू**

*प्रस्ताव बनाकर भेजा है जल्द स्वीकृत होने के बाद इस सड़क का कार्य करेंगे।*

**-श्याम गुप्ता, महाप्रबंधक, एमपीआरडीसी विभाग धार**

# जनपद के सामने स्थित शासकीय भूमि पर नगर परिषद कांप्लेक्स समेत अन्य निर्माण कार्य करेगी

विनय उजाला

**बदनावर, निप्र।** बड़ी चौपाटी के पास जनपद पंचायत के सामने स्थित शासकीय रिक्त भूमि पर नगर परिषद द्वारा कांप्लेक्स निर्माण के साथ ही अन्य विकास कार्य किए जाएंगे। जिसको लेकर कलेक्टर ने यह भूमि नगर परिषद को आवंटित की है। जिसको लेकर अब नगर परिषद ने विकास कार्यों की तैयारी शुरू कर दी है। भूमि आवंटन के बाद प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव ने नगर परिषद अध्यक्ष मीना शेखर यादव समेत जनप्रतिनिधियों के साथ भूमि का अवलोकन किया तथा निर्माण कार्य के कार्ययोजना के बारे में जानकारी ली।

मिली जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत के सामने स्थित शासकीय रिक्त भूमि के आवंटन के लिए राजस्व विभाग से मांग की थी। जिसके बाद एसडीएम दीपक चौहान व तहसीलदार



सुरेश नागर ने भूमि आवंटन का प्रस्ताव बनाकर कलेक्टर को भेजा था। जिसके तहत खसरा क्रमांक 2107/2 क्षेत्रफल 1.697 हेक्टेयर में से क्षेत्रफल 0.697 हेक्टेयर भूमि कलेक्टर प्रियंक मिश्र ने नगर परिषद को आवंटित की है। जिसमे नगर परिषद द्वारा सर्वसुविधायुक्त बड़ा कांप्लेक्स का निर्माण करवाया जाएगा। इसके अलावा भूमि पर दुकानों का निर्माण समेत अन्य जनउपयोगी कार्य करेगी। भूमि आवंटन पर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने नगर परिषद अध्यक्ष मीना शेखर यादव, नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह पवार, नगर परिषद के इंजीनियर सारंग पौराणिक आदि के साथ में भूमि का अवलोकन किया तथा नगर परिषद के कार्य योजना के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर पूर्व मंत्री ने यहां करीब 40 करोड़ की लागत से तैयार हो रहे सीएम राइज स्कूल के निर्माण कार्य को भी देखा तथा निर्माण कंपनी के ठेकेदार व इंजीनियर से चर्चा की। इस अवसर पर हल्का पटवारी कविता पाटीदार, पार्षद प्रतिनिधि संतोष चौहान, भेरूलाल डावर, भाजयुमो के पूर्व जिला उपाध्यक्ष नजमु बोहरा, भाजपा के पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष अक्षय शर्मा, पूर्व पार्षद पंकज ठाकुर, मनीष गुर्जर, मितेश शर्मा, आकाश ऊंटवाल, शासकीय महाविद्यालय जन भागीदारी समिति अध्यक्ष विवेक पाटीदार, चिंटू पहलवान, जावेद खान, संदीप मुकाती आदि भी साथ थे। नगर परिषद अध्यक्ष मीना यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि बड़ी चौपाटी क्षेत्र में लंबे समय से बड़ा कंपलेक्स एवं अन्य सुविधाओं की दरकार थी। जिसको लेकर कलेक्टर से भूमि आवंटित करवाई गई है। अब यहां पर जल्द ही बड़ा कंपलेक्स, दुकान निर्माण समेत अन्य विकास कार्य करवाए जाएंगे। जिससे शहरवासियों को सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों को लेकर कार्य योजना बनाई जा रही है।

# श्री सिद्ध वाघेश्वर महादेव का हुआ दिव्य श्रृंगार

## छप्पन भोग लगाकर मनाया अन्नकूट महोत्सव

विनय उजाला

**बाग, निप्र।** नगर के मध्य स्थित सांई सिटी कालोनी परिसर स्थित श्री सिध्द वाघेश्वर महादेव मंदिर में सोमवार तीज तिथि को अन्नकूट महोत्सव मनाया गया।

महिला भक्त मंडली द्वारा मंदिर प्रांगण मे रंगोली बना कर अपने इष्ट के प्रति अपने भाव प्रकट किये। साथी ही मंदिर शिखर व सभामंडप को आकर्षक विद्युत साजसज्जा की गई। भगवान भोलेनाथ को निवासरत परिवारजनों ने अपने घरो मे बनाये 56 भोग लगाए गए। नगर के श्रद्धालुओं द्वारा अकोट महाप्रसादी में बना भोग रामभाजी(भेलसेल) पुडी, आलुबडे, मालपुऐ का आनंद भण्डारों में लिया गया। नगर के श्रदालुओं व ब्रह्मलीन संत श्री लक्ष्मण गिरि सरकार की तपोस्थली में अनेको अनुष्ठानों में अपने सानिध्य मे संपन्न कर चुके



संत श्री सूरजपुरी जी महाराज की विशेष सानिध्य में उपस्थितजनो ने अन्नकूट महोत्सव की महाआरती उतारी गई। श्री सिद्ध बागेश्वर महादेव मंदिर पर बाबा महाकाल के स्वरूप में आकर्षण श्रृंगार नगर कि बेटी, बहन रश्मि अशोक बोडाना द्वारा किया गया।



# बाहेती परिवार डही ने किया स्वर्गवास पश्चात नेत्रदान

विनय उजाला

**डही, निप्र।** वरिष्ठ समाजसेवी सुभाष चंद्र बाहेती ने अपनी धर्मपत्नी स्व. कौशल्या बाई बाहेती के स्वर्गवास पश्चात नेत्रदान के लिए बाहेती परिवार एंव स्नेहीजनों की सहमति से नेत्र संकलन केंद्र पिपल्या को अवगत करवाया। नेत्र संकलन के लिए सहयोगियों ने नेत्र संकलन के संचालक को सूचना दी। तत्काल नेत्र संकलन केंद्र पिपल्या निसरपुर की टीम जिनमें प्रमुख गुमानसिंह चौहान गार्निया रिटायवर आफिसर एवं जगदिश सागरिया प्रेरक व गेंदालाल चौहान सहायक ने बाहेती परिवार डही के निवास पर जाकर दोनों नेत्रों से कार्निया निकाल कर नेत्रदान करवा कर नेत्रदान महादान को सार्थक किया। इस कार्निया से दो व्यक्ति को रोशनी मिलेगी। माहेश्वरी समाज डही ने इस वर्ष दो नेत्रदान किए है। जिनकी नगर में सराहना की जा रही है।

# चूना डाल दुकानों को हद में लगाने की समझाइश दी, हद से बाहर होने पर होगी चालानी कार्रवाई

विनय उजाला

**डही, निप्र।** मुख्य सड़क मार्ग एवं मुख्य बस स्टैंड स्थित इलाके में लंबे समय से व्याप्त अव्यवस्थाओं को ठीक करने के लिए प्रशासन की मुहिम लगातार जारी है। मंगलवार को प्रशासनिक अमले ने चूने की लाइन डालकर व्यापारियों को हद में रहने की हिदायत दी है। सीएमओ रमेश सतपुड़ा की अगुवाई में प्रशासन द्वारा आज फिर मुहिम शुरू की गई।

गौरतलब हो कि डही नगरीय क्षेत्र में मुख्य बस स्टैंड सहित पूरे सड़क मार्ग के दोनों ओर स्थाई दुकानदारों द्वारा बाहर सामान रखकर फैलाए जा रहे अतिक्रमण एवं अस्थाई फल एवं सब्जी दुकानदारों द्वारा अस्त व्यस्त हालात में दुकानें लगाए जाने के चलते भारी अव्यवस्था फैल रही



थी। इस अव्यवस्थाओं के चलते लोगों का चलना एवं वाहनों का निकलना दूभर हो रहा था। नगर परिषद सीएमओ रमेश सतपुड़ा के संज्ञान में यह मुद्दा आने पर उन्होंने कार्ययोजना बनाकर पहले फल, सब्जी एवं फुटकर दुकानदारों को थाना स्थिति प्रांगण के पास विस्थापन के लिए अभियान चलाया। बाजार कुछ दिन विस्थापित क्षेत्र में भी लगा। परन्तु शासन की इस मुहिम को ठेंगा दिखाते हुए कुछ दुकानदार दोबारा सड़कों पर आ गए। वही स्थाई दुकानदारों ने मुख्य सड़क मार्ग तक अपना सामान फैला लिया। जिनके कारण यातायात व्यवस्था पर विपरित प्रभाव पड़ रहा था। जिसको देखते हुए प्रशासन ने सख्ती से कार्रवाई करते हुए सड़क एवं मुख्य बस स्टैंड से दुकानदारों को हद में दुकान लगाने की चेतावनी दी। प्रशासन ने दुकानदारों एवं नागरिकों से व्यवस्था को ठीक करने में अपना योगदान देने की अपील भी की। साथ ही नगर परिषद को निर्देश दिए कि रोजाना इस इलाके में चूने की लाइन डालकर सीमा रेखा निश्चित करें तथा सीमा रेखा के बाहर आने वाले दुकानदारों एवं वाहनों के खिलाफ चालानी कार्यवाही करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए है कि कार्ययोजना बनाकर अस्थाई दुकानदारों को वैकल्पिक व्यवस्था की जाए।

## जी20 सम्मेलन के बाद एक बार फिर मांडू में 27 नवंबर को मध्य एशियाई देश के 150 डेलीगेट मांडू के ऐतिहासिक महलों का करेंगे दीदार

# यूरेशियन समूह का दल 27 को मांडू भ्रमण पर

सोमनाथ तिवारी

**मांडू, निप्र। जी20 के बाद एक बार फिर मांडू में विदेशी मेहमान ऑन के आने का कार्यक्रम तय हुआ, उनसे जुड़ी व्यवस्थाओं को लेट का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारी, मांडू में उन्हें दी जाने वाली मूलभूत सुविधा को लेकर निरीक्षण कर ठीक करने के निर्देश दिए, पर्यटन नगरी मांडू को एक बार फिर विदेशी मेहमानों के स्वागत का अवसर मिला है।**

27 नवंबर को मध्य एशिया के देश के करीब 150 डेलिगेट्स मांडू के प्राचीन ऐतिहासिक महलों के दीदार के साथ यहां की संस्कृति को आत्मसात करने यह मेहमान मांडू पहुंचेंगे। इन अतिथियों के मांडू आगमन की तैयारी को लेकर केंद्रीय अधिकारियों की एक टीम के साथ जिला प्रशासन के कलेक्टर सहित जिले के अन्य अधिकारी ने मांडू पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। पिछले वर्ष द्द20 सम्मेलन में यहां विदेशी मेहमान भ्रमण कर चुके हैं ठीक उसी प्रकार एक बार फिर मांडू में 27 नवंबर को उनके आगमन को लेकर भारतीय राजस्व सेवा की अधिकारी सनमुगा प्रिया के साथ जिले के कलेक्टर प्रियंक मिश्रा पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने



मांडू क जहाज महल और लाइट एंड साउंड के स्थान हिंडोला महल को देखा, और यहां सभी विभाग के अधिकारियों को यहां निर्देश दिए यहां इनसे जुड़ी व्यवस्थाओं को चोबन्ध करने के लिए, करीब 15 देश के डेलिगेट्स मांडू आएंगे। मध्य एशिया देश का एक महत्वपूर्ण संगठन है और इसका कार्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धन शोधन और आतंकवाद के वित्त पोषण से निपटने के लिए कार्य करना है।

### यह शेड्यूल रहेगा अतिथियों का

मांडू के ऐतिहासिक महलों के भ्रमण के साथ यहां रात्रि का डिनर और शाम को मांडू के हिंडोला महल में लाइट एंड साउंड शो को देखेंगे यह अतिथि उसके बाद यह दल पुन: इंदौर के लिए रवाना होगा।

### कलेक्टर ने दिए सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को चाक चौबंद करने के निर्देश

आने वाले विदेशी मेहमानों के स्वागत और सत्कार के साथ यहां उन्हें दी जाने वाली मूलभूत सुविधा को लेकर कलेक्टर मिश्रा ने सभी अधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं तत्काल बच्चे दोनों में व्यवस्थाएं ठीक करें,

### निरीक्षण के दौरान यह अधिकारी मौजूद थे

धार अपर कलेक्टर अश्विन रावत, सहायक कलेक्टर वसीम अहमद भट्ट, तहसीलदार राहुल गायकवाड, एसडीओपी मोनिका सिंह, पीथमपुर सीएमओ निशिकांत शुक्ला, मांडू नगर परिषद से सादिक खान, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### विकासखंड स्तरीय जादू नही विज्ञान मेले का आयोजन सम्पन्न






**इंदौर (विनय उजाला)।** जादू नही विज्ञान है मेले का विकासखंड महू में शा उत्कृष्ट उ मा विद्यालय महू पर आयोजित किया गया जिसमें विकासखंड महू के करीब करीब 20 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुश्री आचले विद्यार्थियों के स्वर्णीय भविष्य के लिये आशीर्वाद प्रदान किया गया, संस्था प्राचार्य तपन जिंदल ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को विज्ञान की सहायता से अपने भविष्य के लक्ष्यों को प्राप्त करने को कहा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यर्थियों को पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम का सुचारू संचालन नीलेश खेड़े, प्रज्ञा जोशी, शिखा पांचाल एवं पार्वती माली द्वारा किया गया।

### पुलिस अधिकारी व पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र भेंट





**इंदौर (विनय उजाला गुलनाज शेख)।** उत्कृष्ट कार्य करने पर इंदौर शहर के पुलिस अधिकारी एवं पुलिसकर्मियों को पुलिस आयुक्त इंदौर संतोष कुमार सिंह द्वारा पुलिस थाने पर एवं यातायात में कार्य कर रहे पुलिस अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र सहित रु. 1000 नगद भेंट किया गया उसे समय पुलिस आयुक्त कार्यलय इंदौर मे खुशी माहौल हो गया था सभी एक दूसरे को बधाईयां व शुभकामनाएं दे रहे थे।

### महापौर व आयुक्त द्वारा वायु गुणवत्ता सुधार के संबंध में यूएसआईईडी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक



**इंदौर, (विनय उजाला)।** महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव व आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा क्लीन एयर केटलाईस (सीएसी) प्रोजेक्ट युएसएआईडी के प्रतिनिधियों के साथ सीटी बस आफिस में बैठक ली गई। बैठक में अपर आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा, जेसिका लुईस (वरिष्ठ वायु गुणवत्ता और स्वास्थ्य सलाहकार यूएसएआईडी वाशिंगटन डीसी) स्वच्छ वायु उत्प्रेरक (यूएसएआईडी द्वारा वित्त पोषित), सोनिया हेनम परियोजना प्रबंधन विशेषज्ञ यूएसएआईडी इंडिया मिशन व अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर महापौर श्री भार्गव द्वारा युएसएआईडी के प्रतिनिधियों को पौधा देकर सम्मानित किया और नागरिक पत्रिका भी भेंट की गई। महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव व आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा क्लीन एयर केटलाईस प्रोजेक्ट के तहत इंदौर के स्वच्छ वायु प्रयासों को मजबूती के साथ ही सीएसी परियोजना के साथ साझेदारी वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए इंदौर की चल रही कार्यो की जानकारी सांझा की गई। क्लीन एयर केटलाईस (सीएसी) के माध्यम से, इंदौर हवा में सुधार, गुणवत्ता निगरानी और डेटा संग्रह, प्रदूषण हॉटस्पॉट और प्रमुख स्त्रोतों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही क्लीन एयर केटलाईस (सीएसी) प्रोजेक्ट के तहत भविष्य की योजनाए को सम्मिलित करते हुए, परिवहन के क्षेत्र में उत्सर्जन को कम करके, शहर का समग्र विकास किया जाना।

विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर शौचालय सुपर स्पॉट

# इंदौर ऐसा शहर है जो चुनौती देकर, चैलेंज देकर कह रहा है कि आप इंदौर के टॉयलेट के साथ सेल्फी लगाऐ : महापौर

विनय उजाला






**इंदौर, नप्र।** स्वास्थ्य प्रभारी श्री अश्विन शुक्ल ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के क्रम में वाटर प्लस और सेवन स्टार सर्टिफिकेट प्राप्त करने को लक्ष्य लेकर शासन की गाइडलाइन अनुसार विश्व शौचालय दिवस (वर्ल्ड टॉयलेट डे) पर आज 19 नवंबर को निगम प्रशासन द्वारा शौचालय सुपर स्पॉट अभियान के तहत महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री रमेश मेंदोला, आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा झोन क्रमांक 8 वार्ड क्रमांक 28 के अंतर्गत एमआर 10 रोड होटल मेरियट के पास स्थित शारदा मठ स्थित शुलभ शौचालय परिसर में शौचालय सुपर स्पॉट अभियान की शुरूआत कि गई।

इस अवसर पर स्वास्थ्य प्रभारी श्री अश्विन शुक्ल, श्री राजेंद्र राठौर पार्षद श्रीमती ज्योति शरद पवार, श्री मनोज मिश्रा, अपर आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा, श्री अभय राजनगांवकर, अधीक्षण यंत्री श्री डी आर लोधी, उपायुक्त श्री शैलेश अवस्थी, झोनल अधिकारी सीएसआई, एनजीओ संस्था एवं अन्य उपस्थित थे।

इस अवसर पर महापौर श्री भार्गव, विधायक श्री मेंदोला एवं अन्य अतिथियों द्वारा भी शौचालय के साथ सेल्फी ली गई। विश्व शौचालय दिवस (वर्ल्ड टॉयलेट डे) पर 19 नवंबर के अवसर पर प्रात: स्वच्छता गीत पर जुम्बा की प्रस्तुति, इंदौर आर्टिस्ट की टीम द्वारा विश्व शौचालय दिवस पर नुक्कड नाटक के साथ ही उत्कृष्ठ कार्य करने वाले शौचालय के केयर टेकर व हेल्पर का सम्मान किया गया।

इसके साथ ही शहर के 700 से अधिक शौचालय/ मूत्रालय में सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए सेल्फी कार्यक्रम रखा गया।

महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि आज वर्ल्ड टॉयलेट डे है, अधिक से अधिक लोग सफाई का स्वच्छता का पर्सनल हाइजीन का ध्यान रखें इसलिए दुनिया भर में आज 19 नवंबर को इंटरनेशनल टॉयलेट डे मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी ने स्वच्छता का जो विजन हमारे सामने रखा था उसको पूरा करने का काम इंदौर ने किया और इंदौर जब करता है अलग करता है तो ओपन डिफेकेशन फ्री होने के बाद आज जब हम अष्ट सिद्धि की तरफ आगे बढ़ रहे हैं तो ऐसे इंटरनेशनल टॉयलेट डे के अवसर पर इंदौर ने फिर पूरे भारत के सामने चुनौती रखी और खुद उसको पूरी करके बता रहा है।

महापौर श्री भार्गव ने कहा की इंदौर के स्वच्छता मॉडल को देश एवं दुनिया फॉलो करती और यह फॉलो इसलिए करती है कि हम अपने सफाई को अलग ढंग से मेंटेन करते हैं अलग ढंग से लोगों को इसके प्रति आकर्षित करते हैं और पब्लिक टॉयलेट्स उस चीज का सबसे महत्वपूर्ण अंग है बाहर से आने वाले लोग जिनके घर पर टॉयलेट्स नहीं है उनके लिए पब्लिक टॉयलेट्स राहगीरों के लिए पब्लिक टॉयलेट्स बहुत महत्वपूर्ण है तो आज का यह हमारा अभियान एक हमारे पब्लिक टॉयलेट्स को साफ सुथरा रखने का था और दूसरा जब इस अभियान के लिए हम निकले और अपने पब्लिक टॉयलेट्स को देखें तो हमको भी यह ध्यान में आए कि अभी और यदि कहीं कोई कमी पेशी है तो हम उसको पूरा कर लें।

मैं इंदौर की पूरी टीम को इंदौर की जनता को विशेष कर सीटीपीटी मेंटेन करने वाली जो हमारी टीम है उसको बधाई देता हूं शुभकामनाएं देता हूं कि डिजिटल पर सारी पब्लिक टॉयलेट्स को मैप करके चुनौती के साथ पब्लिक टॉयलेट सफाई रखने का जो यह अभियान जनता के साथ जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारियों के साथ एनजीओ के हमारे साथियों के साथ इंदौर फिर से विश्व रिकॉर्ड की तरफ बढ़ रहा है आप सबको बहुत सारी बधाई शुभकामनाएं। अंत में लेकिन बहुत महत्व के साथ हमारे मीडिया के साथी जो सुबह 4ः00 बजे और रात को 2ः00 बजे उठकर भी इंदौर की समस्याओं के साथ-साथ जन जागरूकता करते हैं उनका भी बहुत धन्यवाद।

### इंदौर में शौचालय सुविधाएँ

- इंदौर नगर निगम के अंतर्गत कुल 78 सामुदायिक शौचालय, 234 सार्वजनिक शौचालय, और 140 मूत्रालय हैं, जो शहर के विभिन्न हिस्सों में स्थित हैं।
- ये शौचालय नागरिकों की सुविधा के लिए बनाए गए हैं और नियमित रूप से साफ-सफाई सुनिश्चित की जाती है। इंदौर ने 2021 में वाटर प्लस सिटी का खिताब प्राप्त किया, जो स्वच्छ शौचालय सुविधाओं और नागरिक भागीदारी का प्रमाण है।
- IMC ने शहर की स्वच्छता बनाए रखने के लिए 10 आउटसोर्स एजेंसियों को सफाई और रखरखाव की जिम्मेदारी दी है। ये एजेंसियाँ प्रतिदिन तीन बार सफाई करती हैं और सभी शौचालयों में जल आपूर्ति सुनिश्चित करती हैं।
- शौचालयों का समय प्रात: 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक है, जबकि सामुदायिक शौचालय 24 घंटे खुले रहते हैं, जिससे नागरिकों को हर समय सुविधाएँ मिल सकें।
- IMC ने शहर में शीकुंज और लूटेल जैसे विश्वस्तरीय शौचालय भी विकसित किए हैं, जो आधुनिक सुविधाओं से युक्त हैं और स्वच्छता के उच्च मानक रखते हैं।
- 2016 में, इंदौर में 12,731 व्यक्तिगत शौचालय स्लम क्षेत्रों में बनाए गए थे, ताकि इन क्षेत्रों में रहने वाले लोग भी स्वच्छता का लाभ उठा सकें। इन शौचालयों का नियमित रखरखाव और जल आपूर्ति सुनिश्चित की गई है।

## महापौर व आयुक्त द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक




विनय उजाला

**इंदौर, नप्र। महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव व आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा पोलोग्राउण्ड औद्योगिक क्षेत्रो की समस्याओ के निदान हेतु गठित समिति के पदाधिकारियो के साथ सीटी बस आफिस में संबंध में बैठक ली गई।**

बैठक में महापौर प्रतिनिधि श्री भरत पारख, अपर आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा, श्री अभय राजनगांवकर, श्री नरेन्द्रनाथ पांडे, उपायुक्त श्रीमती लता अग्रवाल, अधीक्षण यंत्री श्री डीआर लोधी, एसोसिएशन ऑफ इंडस्टीज मध्य प्रदेश अध्यक्ष श्री योगेश मेहता, सचिव श्री तरूण व्यास, श्री प्रमोद डफारिया पूर्व अध्यक्ष, श्री जेपी नागपाल, औद्योगिक संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव व आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा पोलोग्राउण्ड औद्योगिक क्षेत्रो के व्यापारियो के साथ क्षेत्र के विकास के संबंध में चर्चा की गई, चर्चा के दौरान व्यापारियो ने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के साथ ही ग्रीन वेस्ट उठाने हेतु अतिरिक्त संसाधन व कर्मचारियो की मांग की गई तथा पोलोग्राउण्ड क्षेत्र के उद्यान का समुचित विकास हेतु किये जा रहे निर्माण कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के संबंध में आग्रह किया गया। इसके साथ ही औद्योगिक क्षेत्र में संपतिकर का पोर्टल अपडेट नही होने व लायसेंस फीस हेतु शिविर लगाने की मांग पर महापौर श्री भार्गव द्वारा संबंधित अधिकारी को पोलोग्राउण्ड औद्योगिक क्षेत्र में विशेष राजस्व शिविर व लायसेंस शिविर लगाने के निर्देश दिये गये।

इसके साथ ही पोलोग्राउण्ड औद्योगिक क्षेत्र में ंसित सेक्टर बी से सेक्टर ए में प्रवेश हेतु मार्ग, अगरबत्ती कॉम्पलेक्स की ओर से जाता है वहां के रेल्वे क्रांसिंग के आस-पास की चौडाई कम होने से यातायात प्रभावित होता है, उक्त मार्ग की चौडाई के साथ ही मार्ग निर्माण का कार्य शीघ्र पूर्ण करने, सांवेर रोड में उद्योगो की सुविधा के लिए निगम के सहयोग से संचालित फायर ब्रिगेड स्टेशन के रख-रखाव करने, साथ ही औद्योगिक क्षेत्र में हरियाली विकास हेतु उद्योग जगत के सहयोग से डेंस फॉरेस्ट का निर्माण करने, औद्योगिक क्षेत्र में नर्मदा पेयजल की नवीन लाईन डालने, ईटीपी प्लांट की क्षमता बढाने तथा ट्रीटेड वॉटर के उपयोग संबंधित चर्चा की गई, इस संबंध में महापौर व आयुत द्वारा संबंधित अधिकारियो को संगठन को उपयोग हेतु निर्धारित शुल्क पर ट्रीटेड वॉटर उपलब्ध कराने, संपतिकर व अन्य करो के निराकरण हेतु औद्योगिक क्षेत्र में विशेष शिविर लगाने, औद्योगिक संगठनो के प्रतिनिधियों को कचरा सेग्रीकेशन कर निगम को देने, पोलोग्राउण्ड, क्षेत्र में निर्मित पानी की टंकी में पीने का पानी सप्लाय हेतु टंकी में कनेक्शन हेतु लाईन डालने आदि के संबंध में दिशा-निर्देश दिये गये।

## विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता एवं मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न

विनय उजाला





**इंदौर, नप्र। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांवेर में विकासखंड स्तरीय जादू नहीं विज्ञान है समझना समझाना आसान है के अंतर्गत प्रश्न मंच प्रतियोगिता, विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता एवं मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**

उक्त आयोजन में विकासखंड अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों के पात्र छात्र-छात्राओं द्वारा सहभागिता की गई। इस प्रतियोगिता में निर्णायक समिति द्वारा प्रश्न मंच प्रतियोगिता में शासकीय उत्कृष्ट उत्तर माध्यमिक विद्यालय के छात्र वैभव पांडे एवं खुशहाल मोरे प्रथम एवं शासकीय सी. एम. राईस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कछालिया के छात्र आरव जायसवाल एवं ऋषिका चौहान द्वारा द्वितीय स्थान प्राप्त किया गया।

इसी तरह विज्ञान नाटिका में शासकीय सी. एम. राईस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कछालिया के छात्रों ने प्रथम एवं पी एम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांवेर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मॉडल प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डाकाच्या के छात्र शिवम पिता दिलीप परमार ने प्रथम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पालिया के छात्र लकी पिता ओमप्रकाश ने द्वितीय तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरौली के छात्र शिवराज सिंह पिता दिलीप सिंह चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता छात्र-छात्राओं को शील्ड व मेडल प्रदान कर सभी सहभागी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य श्रीमती मनीषा पहाड़िया द्वारा की गई तथा कार्यक्रम का संचालन श्री बाहुबली जैन द्वारा किया गया।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कॉलेज इकाई बेटमा द्वारा शा. महा. बेटमा में वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई जन्म जयंती के उपलक्ष्य मे स्त्री शक्ति दिवस पर संगोष्ठी आयोजित की गई



**बेटमा (विनय उजाला)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कॉलेज इकाई बेटमा द्वारा शासकीय महाविद्यालय बेटमा में वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई जन्म जयंती के उपलक्ष्य मे स्त्री शक्ति दिवस पर संगोष्ठी आयोजित की गई। वही मुख्य वक्त के रूप में ओम प्रकाश जी सोनी, मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य सीमा सोनी उपस्थिति रही।**

इस दौरान रानी लक्ष्मी बाई के चित्र पर माल्यार्पण किया गया वही कार्यक्रम में आभविप के कॉलेज इकाई अध्यक्ष अभिषेक प्रजापत, छात्रा प्रमुख नेतन पवार दीपेश सेन, गोविंद भाभर धीरज सेन, राम संकल, अनुष्का सोलंकी चांदनी ठाकुर, सिमरन चौहान हिमांशु बोरखेडे, विनीत परमार, प्रो धर्मेंद्र चौधरी, प्रो प्रभा शर्मा प्रो दीपक गुप्ता, प्रो गीतांजलि कर्डक, प्रो दीपिका वर्मा, प्रो साजिया सिद्दीकी, प्रो दयाराम मुजहल्दा आदि उपस्थित रहे।


**कार्यालय नगर परिषद धरमपुरी, जिला धार (म.प्र.)**

क्र/2024/1815

:: अधिसूचना ::

एत्त द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत नगर के समस्त वाडों से उत्सर्जित निर्माण एवं ध्वंस के उपरांत निकलने वाले मलबे को निकाय द्वारा निर्धारित स्थान डाला जाएगा निर्माण विध्वंश अपशिष्ट अधिनियम 2016 के अंतर्गत व्यक्ति, संस्था द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर खुले में फेंकने पर या रोड पर डम करने पर की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध चलानी कार्यवाही होगी शासन के निर्देशानुसार धारा के उल्लंघन व अर्थदंड से दंडित किया जाएगा इस संबंध में सेवा संधारण हेतु नगर परिषद में स्थित नियत स्थान में सीएनडी संग्रहण इकाई में भिजवाए जाने हेतु निकाय वाहन उपलब्ध है।

**सम्पर्क :-** मोहम्मद शरीफ खान, मो. 9644424244

| क्रं. | वाहन | काल के माध्यम | जुर्माना |
|---|---|---|---|
| 1. | ट्रेक्टर | 1000/- प्रति ट्रिप | 2000/- प्रति ट्रिप |

अत: उपरोक्त मानक अनुसार निमार्ण करने समय से पूर्ण हो जाने तक नियमानुसार ग्रीन नेट से (कवर) ढकना अनिवार्य रूप से लागू है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद् धरमपुरी जिला धार**



**कार्यालय नगर परिषद धरमपुरी जिला धार म.प्र.**

क्र./ स्व.भा.मि. / 2024/1817 ULB CODE 802267

:: सार्वजनिक सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम 2016 में राजपत्र के अधिसूचना संख्यां 169 द्वारा तारीख 11 मार्च 2021 को संशोधन किया गया है वह इसी प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन संशोधन नियम 2021 कहा गया है उक्त नियम के बिंदु क्रमांक 4 के अनुसार दिनांक 30 सितम्बर 2021 से 75 मॉइक्रोन से कम की मोटाई वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया गया है हल्के वजन वाले प्लास्टिक केरी बेग की वजह से फैलने वाले कचरे को रोकने के लिये 30 सितम्बर 2021 से प्लास्टिक केरी बेग की मोटाई 50 माईक्रोन से बडाकर 75 मॉइक्रोन और 31 दिसम्बर 2022 से 120 माईक्रोन कर दी गई है जुलाई 2022 से पोलिस्टीरिन और विस्तारीत पोलिस्टीरिन समेत निम्नलिखित एकल उपयोग वाले प्लास्टिक वस्तुओं के निर्माण आयात भण्डारण, वितरण, ब्रिकी, एवं उपयोग को प्रतिबंधित किया जायेगा।

प्लास्टिक की छडीयों से लेस ईयर ब्रडस, गुब्बारो के लिये प्लास्टिक की छडीया, प्लास्टिक के झंडे, कैडी की छडिया, आईस्क्रीम छडीया, सजावट के लिये पोलीस्टीरीन (थर्माकोल) प्लेट, कप, गिलास, कांटे, चम्मच, स्ट्रा, ट्रे. जैसी कटलरी, मिठाई के डिब्बो के चारो और लपेटी जाने वाली या पेकिंग करने वाली फिल्म, निमंत्रण कार्ड और सिगरेट के पैकेट, 100 माईक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक या पी.वी.सी. बैनर स्टीकर।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद् धरमपुरी जिला धार**


## जैन समाज के होनहार प्रियांशु जैन की हत्या के विशेष में प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया

विनय उजाला



**इंदौर।** मेरठ जैन समाज का होनहार बेटे की हत्या के विरोध में विश्व जैन संगठन इंदौर के अध्यक्ष और प्रचारक राजेश जैन दद्दू एवं मयंक जैन के नेतृत्व मे आज 19 नवम्बर 2024 को मेरठ के एम बी ए के छात्र प्रियांशु जैन की अहमदाबाद में पुलिस कांस्टेबल वीरेंद्र पड़ियार द्वारा निर्मम हत्या किए जाने के कड़े शब्दों में निंदा की और माननीय प्रधानमंत्री, देश के गृह मंत्री, वह गुजरात सरकार के गृह मंत्री, और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन इंदौर कमिश्नर श्री दीपक सिंह को दिया जिसमें जैन समाज के लोगों ने केंद्र सरकार, वह राज्य सरकारों, से पीड़ित परिवार को 5 करोड़, रुपए का मुआवजा दिलाए जाने,का निवेदन किया गया वहीं गुजरात सरकार से विश्व जैन संगठन के प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने कहा कि केस दर्ज कर फास्ट्रैक कोर्ट में ट्रांसफर करने, वह केंद्र सरकार से केस की सी बी आई, से जांच कराने की मांग की गई। विश्व जैन संगठन का प्रयास है जैन समाज के साथ कभी अन्याय न हो ज्ञापन देने वालों में संगठन के शाखा मंत्री पारस जैन, कानूनी सलाहकार एडवोकेट रोहित जैन एवं संगठन के पदाधिकारी एवं शहर के गणमान्य समाज जन उपस्थित थे।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद धार जिला (म.प्र.)**

E-mail : cmodhar@mpurban.gov.in

क्रमांक/6117/लो.नि. शाखा/2024 धार, दिनांक : 11.11.2024

:: ई-निविदा आमंत्रण सूचना ::

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र की मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | 2024_UAD_381891_1 | वार्ड क्रं. 13 कुम्हार गड्ढा क्षेत्र में शिव मंदिर का चबुतरा निर्माण कार्य। | 01 माह 1,67,107/- | 1,000/- 3345/- | 27.11.2024 |
| 02 | 2024_UAD_381892_1 | वार्ड क्रं. 04 सिल्वर हिल एक्सटेंशन में आवागमन हेतु सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 01 माह 1,66,583/- | 1,000/- 3335/- | 27.11.2024 |

**नोट :-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद धार**



**पश्चिम रेलवे, रतलाम डिवीजन**

E-निविदा सूचना, संकेत एवं दूरसंचार विभाग

निविदा संख्या SnT_RTM_W_24_14_SIGNAL, दिनांक: 16.11.2024

निम्न कार्य के लिए मण्डल रेल प्रबंधक (एस एण्ड टी) पश्चिम रेल्वे रतलाम द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से व उनके लिए निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। कार्य का नाम: मेघनगर स्टेशनों और रतलाम ई केबिन पर अधिक आयु वाले इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग उपकरणों के प्रतिस्थापन के साथ-साथ मेघनगर स्टेशन पर डायरेक्ट रिसेप्शन और डिस्पैच सुविधाओं के साथ लाइन नंबर 5 और 6 के विस्तार के संबंध में एस एंड टी सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग।, बोली/निविदा प्रकार और प्रणाली: सामान्य ओपन ई-टेंडर, दो पैकेट सिस्टम काम (IREPS पोर्टल), कार्य की अनुमानित लागत: रू 11,09,87,984.00/-, बयाना राशि: रू 7,04,900.00, निविदा फार्म का मूल्य: शून्य, बोली पूर्व सम्मेलन: शून्य, बोली शुरू होने की तारीख: अंतिम तिथि से 15 दिन पहले, निविदा बंद करने का समय एवं दिनांक: दिनांक 09/12/2024 समय 15.00 बजे तक, तकनीकी निविदा खुलने का समय एवं दिनांक: दिनांक 09/12/2024 समय 15.30 बजे के बाद, व्यवसायिक निविदा खुलने का समय एवं दिनांक: दिनांक तकनीकी बोली के मूल्यांकन के बाद सूचित किया जाएगा, वैधता: निविदा खुलने की दिनांक से 90 दिन, कार्य पूरा करने की अवधि: 12 माह, JV अनुमति: अनुमति, निविदा अनुभाग कार्यालय प्रभारी और बोली खोलने का स्थान: डिप्टी सीएसटीई वर्क्स रतलाम, डीआरएम कार्यालय रतलाम म.प्र.। निविदा सिर्फ अनलाइन E-निविदा पोर्टल www.ireps.gov.in पर देखा व जमा किया जा सकता है।

V/307 मंडल रेल प्रबंधक (एस एण्ड टी) कार्य, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे

Like us on: facebook.com/WesternRly

## संक्षिप्त समाचार

### सर्वाइकल कैंसर जागरूकता ही है बचाव : डॉ. सराफ





**खरगोन, निप्र।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस खरगोन में प्राचार्य डॉ. शैल जोशी के मार्गदर्शन में महिला सशक्तिकरण एवं समस्या निवारण समिति द्वारा इनर व्हील क्लब खरगोन के सौजन्य से सर्वाइकल कैंसर एवं स्वास्थ्य सुरक्षा विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. मीनाक्षी सराफ ने अपने उद्बोधन में बताया कि सर्वाइकल कैंसर एक प्रकार का कैंसर है जो गर्भाशय ग्रीवा (सर्विक्स) में होता है। सर्वाइकल कैंसर महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरा है। लेकिन, अच्छी खबर यह है कि इस बीमारी से बचा जा सकता है और इसका जल्दी पता लगाकर इलाज भी किया जा सकता है। पैप स्मीयर टेस्ट सबसे आम तरीका है जिसके द्वारा सर्वाइकल कैंसर का पता लगाया जाता है। इस टेस्ट में गर्भाशय ग्रीवा से कोशिकाओं का नमूना लेकर उसकी जांच की जाती है। उपचार कैंसर के स्टेज पर निर्भर करता है और इसमें सर्जरी, विकिरण चिकित्सा और कीमोथेरेपी शामिल हो सकते हैं। महिला सशक्तिकरण एवं समस्या निवारण समिति की प्रभारी डॉ. ललिता बर्गे ने भी छात्राओं को जागरूक रहने के लिए प्रोत्साहित किया। व्याख्यान में डॉ. मोनिका पालीवाल, महाविद्यालयीन प्राध्यापक, इनर व्हील क्लब के सदस्य उमा सोमानी, डॉ. कीर्ति जैन, ज्योति जैन, वैशाली शर्मा, सुषमा भंडारी, सुषमा गौर, छात्राओं में राधिका पटेल, शीतल तंवर, सलोनी सोलंकी, शाहिदा सैयद तथा अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### 5 हजार 960 क्विंटल सोयाबीन की समर्थन मूल्य पर हुई खरीदी

**खरगोन, निप्र।** खरगोन जिले में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर सोयाबीन की खरीदी के लिए 09 केन्द्र बनाएं गए हैं। इन केन्द्रों पर 25 अक्टूबर से सोयाबीन की खरीदी प्रारंभ की गई है, जो 31 दिसंबर तक चलेगी। जिले में अब तक 352 किसानों से 05 हजार 960 क्विंटल सोयाबीन की खरीदी की जा चुकी है। समर्थन मूल्य पर सोयाबीन की बिक्री के लिए जिले के 772 किसानों ने अपने स्लॉट बुक करवाएं हैं। किसानों से खरीदे गए सोयाबीन का उठाव कर उसे गोदामों में पहुंचाया जा रहा है। किसानों से एफएक्यू मापदण्ड के अनुसार ही सोयाबीन की खरीदी की जा रही है।

### विश्व शौचालय दिवस पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**बड़वानी, निप्र।** विश्व शौचालय दिवस का आयोजन 19 नवंबर विश्व शौचालय दिवस के उपलक्ष में बड़वानी जिले के बड़वानी ब्लॉक ग्राम पंचायत पांचपुला उत्तर मे ूजमतण्वतह संस्था के कल्पेश पांडे द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन ,स्वच्छ भारत अभियान लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग और स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास के संयुक्त विश्व शौचालय दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्वयं सहायता समूह की महिलाएं सीआरपी दीदी चेतन शर्मा शुगर पटेल ,प्रिया पटेल ,रेशम चौहान,स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग जिला सलाहकार वसुधा टैगोर, ब्लॉक समन्वय अनिल चौधरी, स्वास्थ्य विभाग से इंगली चौहान , पूजा बड़ोदिया, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं वह ग्रामीण उपस्थित हुए। शौचालय या कहें कि टॉयलेट मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताओं में से एक है। ये मुद्दा हर एक व्यक्ति, समाज और सेहत से जुड़ा हुआ है। इसलिए आज के दिन को हर साल विश्व शौचालय दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य बेहतर स्वच्छता और शौचालय की स्वस्थ आदतों को बढ़ावा देना है जिससे बीमारियों की रोकथाम हो सके। इसके तहत सिर्फ खुले में शौचालय के रोकथाम जैसे मुद्दे ही नहीं आते बल्कि इसमें कई सारे अन्य उद्देश्य भी शामिल हैं। दुनियाभर के लिए ये बेहद खास दिन है। आज दुनियाभर में वर्ल्ड टॉयलेट डे मनाया जा रहा है जो शौचालय की उपयोगिता को निर्धारित करता है। शौचालय से जुड़ी समस्याओं के प्रति जागरूक करने के लिए विश्व शौचालय दिवस मनाया जाता है।

### कलेक्टर ने की जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा

**खरगोन, निप्र।** विश्व शौचालय दिवस पर कलेक्टर कर्मवीर शर्मा द्वारा रखी गई जिसमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश सिंह, डिप्टी कलेक्टर सुश्री पूर्वा मण्डलोई, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एमएस सिसोदिया, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री बीएस अचाले, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती भारती आवास्या, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री प्रशांत आर्या, जिला शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र कानुड़े एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सर्वप्रथम आमजन की सुरक्षित एवं स्वच्छ शौचालयों तक पहुंच व उपयोग एवं स्वच्छता पर जागरूकता बढ़ाने के लिए 19 नवंबर को विश्व शौचालय दिवस से प्रारंभ कर 10 दिसंबर 2024 तक चलने वाले हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान पर चर्चा की गई। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने इस अभियान के अंतर्गत जमीनी स्तर पर शौचालयों की वास्तविक कमी का सर्वेक्षण कर शौचालय विहीन परिवारों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इस अभियान के अंतर्गत जिले के सभी स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में शौचालय की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में बने शौचालयों का आमजन उपयोग करें और उनमें स्वच्छता बनाई रखी जाए।

# कलेक्टर की जनसुनवाई में आए 34 आवेदन

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र। मंगलवार को हुई जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. राहुल फटिंग एवं संयुक्त कलेक्टर श्री सोहन कनाश ने 34 आवेदकों को व्यक्तिगत रूप से सुना तथा आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को भेजकर निराकरण करने हेतु निर्देशित किया।**





### कृषि भूमि पर पहुंचने हेतु रास्ता बनवाया जाये

जनसुनवाई में बड़वानी निवासी श्रीमती सुनिता पिता रमेशचन्द्र वर्मा ने आवेदन देकर बताया कि उनकी कृषि भूमि ग्राम एकलरा में स्थित है। जहॉ पर सरदार सरोवर परियोजना के अंतर्गत बेक वाटर की वजह से कृषि भूमि के आसपास जलाशय निर्मित होने से भूमि टापू में स्थित हो गई है। वर्तमान समय में हमारी कृषि भूमि के तीन दिशाओं के आसपास बेक वाटर का जलाशय है। वहॉ पर पहुंचने के लिये लगभग 1 किलोमीटर की दूरी तय करना पड़ती है। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुये कृषि भूमि पर पहुंचने हेतु रास्ते का निर्माण करवाया जाये। इस पर जनसुनवाई कर रहे संयुक्त कलेक्टर श्री सोहन कनाश ने उक्त आवेदन बड़वानी तहसीलदार को भेजकर परीक्षण उपरान्त उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

### पुरानी बनी कुटीरो को हटवाया जाए

जनसुनवाई में आशाग्राम बड़वानी के रहवासियो ने आवेदन देकर बताया कि भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आशाग्राम में प्रधानमंत्री आवास बनकर तैयार हो चुके है एवं उन मकानो में हितग्राहियो द्वारा रहना भी प्रारंभ कर दिया है। इन आवासो के समक्ष पूर्व में निर्मित जर्जर कुटीरो का ढांचा अभी भी बने होने से कुष्ठ रोगियों के परिजनों को आवागमन एवं पेयजल व्यवस्था में प्रतिदिन कठिनाईयो का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही लोगो के द्वारा यहॉ गंदगी भी फैलाई जा रही है। समीप ही बने संजीवनी क्लिनिक के सामने बनी कुटीरे भी जर्जर हो चुकी है। इससे क्लिनिक पर आने-जाने वाले मरीजो को कठिनाईयो का सामना करना पडता है। इस पर जनसुनवाई कर रहे संयुक्त कलेक्टर श्री सोहन कनाश ने उक्त आवेदन बड़वानी नगर पालिका के सीएमओ को भेजकर परीक्षण उपरान्त उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

### मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना का लाभ दिलवाया जाए

जनसुनवाई में ग्राम एकलरा बसाहट निवासी श्रीमती अनीताबाई ने आवेदक देकर बताया कि उनके पति श्री राकेश पिता पुन्या मानकर की मृत्यु 23 जुलाई 2020 को असामयिक हो गई है। मेरे पति का संबल योजना का कार्ड भी बना हुआ है। संबल योजना के लाभ हेतु उन्होने ग्राम पंचायत कसरावद में आवेदन पत्र भी जमा कराया गया है। किन्तु अभी तक किसी प्रकार की मुझे सहायता नहीं दी गई। इस पर जनसुनवाई कर रहे संयुक्त कलेक्टर श्री सोहन कनाश ने उक्त आवेदन बड़वानी जनपद पंचायत के सीईओ को भेजकर परीक्षण उपरान्त उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

### मोहल्ले में सीसी रोड़ एवं नाली निर्माण करवाया जाए

जनसुनवाई में ग्राम बोरलाय के रहवासियो ने सामुहिक आवेदन देकर बताया कि उनके मोहल्ले में कच्चा रास्ता होने से गंदगी एवं मच्छर भी पनप रहे है। इस कच्चे रास्ते पर सीसी रोड एवं नाली का निर्माण करवा दिया जाये तो आने-जाने वालो को सुविधा होगी। इस मोहल्ले में गरीब 30 परिवार निवासरत है। इस पर जनसुनवाई कर रहे संयुक्त कलेक्टर श्री सोहन कनाश ने उक्त आवेदन बड़वानी जनपद पंचायत के सीईओ को भेजकर परीक्षण उपरान्त उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

### मेरी पत्नी का मकान मेरे नाम से किया जाए

जनसुनवाई में पानसेमल निवासी श्री कितींकान्त गांधी ने उपस्थित होकर आवेदन देकर बताया कि पानसेमल के वार्ड क्रमांक 15 में स्थित मकान मेरी पत्नि स्व.रेशमबाई के नाम से मकान बना हुआ है। पूर्व में स्टाम्प वेण्डर के द्वारा मेरे नाम के बजाय रेशम पिता शमशेरसिंग लिख दिया गया है। जो गत है, जबकि मेरी पत्नि का देहान्त 8 वर्ष हो चुके है तथा हमारी कोई संतान भी नहीं है और ना ही उक्त मकान का कोई वारिसदार है। इस पर जनसुनवाई कर रहे संयुक्त कलेक्टर श्री सोहन कनाश ने उक्त आवेदन एसडीएम पानसेमल को भेजकर परीक्षण उपरान्त उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

### नवीन आंगनवाड़ी केन्द्र स्वीकृत किये जाए

जनसुनवाई में जनपद पंचायत सदस्य पाटी एवं अन्य लोगो ने उपस्थित होकर आवेदन देकर बताया कि उनके ग्राम मावड़ी फल्या आमली, नवाडिया फल्या झारार, बारी फल्या पिपरकुण्ड, भेरुम फल्या शिवनी, वलिया जामन्या फल्या शिवनी, रिजाली फल्या भुरवानी एवं कजानी फल्या आमली में नवीन आंगनवाड़ी केन्द्र स्वीकृत कर खोलने की मांग की गई है। इन केन्द्रो के खुल जाने से यहा के रहवासियो के एवं महिलाओं को शासन की योजनाओं का समय पर लाभ मिल जायेगा। इस पर जनसुनवाई कर रहे कलेक्टर डॉ. फटिंग ने उक्त आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास बड़वानी को भेजकर परीक्षण उपरान्त उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।



## सायता के शासकीय स्कूल में मनाया बाल दिवस

विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** बाल मेले के आयोजन से बच्चे बाजार मूल्य, क्रय विक्रय और लाभ हानि सीखते है, उक्त बात ग्राम पंचायत सायता के सरपंच लोकेंद्र सिंह पटेल ने माध्यमिक विद्यालय सायता में आयोजित बाल मेले के शुभारंभ के अवसर पर की। अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन भोपाल यूनिवर्सिटी के प्राध्यापक श्री गुरिंदर सिंह ने संस्था ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों की सहभागिता एवं उपस्थिति बढ़ती है, बच्चों को बाज़ार भाव, पार्टनरशिप का ज्ञान होता है।

बाल मेले में संयुक्त रूप से प्राथमिक विद्यालय नावडातोड़ि, प्राथमिक विद्यालय सायता और माध्यमिक विद्यालय सायता के बच्चों, शिक्षकों और पालको के द्वारा किया गया था। जिसमे बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन बनाये गए थे जिसका सभी ने खूब लुफ्त लिया। इस अवसर पर पंचायत सचिव आकृति बड़ोले, प्रधानाध्यापक संजय शर्मा, रामकन्या कुशवाह, कालूराम एक्कल, करम चौहान,गिरजेश कुशवाह सीएम राइज से मोहन यादव नेपाल सिंह गोयल, मनोज यादव,कंचन केवट, मन्नालाल बघेल, भारत नागराज, नानसिंह मंडलोई, प्रदीप कुमार यादव आदि।

थाना बलवाड़ा, पुलिस चौकी काटकुट एवं पुलिस चौकी बागोद द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए

## अवैध गांजे के 5 पौधे लगभग 30 हजार रुपए के खेत से जब्त

विनय उजाला

**बलवाड़ा, निप्र।** पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इन्दौर (ग्रामीण) अनुराग एवं पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन सिद्धार्थ बहुगुणा के द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करी करने वालों के विरुध्द लगातार कार्यवाही कर , अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था।



उक्त निर्देशों के परिपालन में, पुलिस अधीक्षक खरगोन धर्मराज मीना व अति. पुलिस अधीक्षक मनोहरसिंह बारीया के द्वारा , ऑपरेशन प्रहार के तहत, जिला खरगोन के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व समस्त थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारीयो को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी तारत्मय में अवैध मादक पदार्थ की सूचना प्राप्त होने पर थाना बलवाड़ा, पुलिस चौकी काटकुट एवं पुलिस चौकी बागोद द्वारा, संयुक्त कार्यवाही करते अवैध गांजे के 05 पौधे करीबन 6 किलो 600 ग्राम कीमत लगभग 30 हजार रुपये बल्लू पिता नान सिंह निवासी ओखला के खेत से जप्त कर, आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। दिनांक 16.11.24 को पुलिस चौकी काटकुट पर मुखबीर से सुचना प्राप्त हुई कि, बल्लू पिता नान सिंह निवासी ओखला के खेत मे अवैध गांजे के 05 पौधे कपास के खेत में लगे हैं। मुखबीर सुचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना बलवाड़ा,पुलिस चौकी काटकुट एवं पुलिस चौकी बागोद पुलिस टीम को मुखबिर की सूचना से अवगत करवाया गया व रवाना किया गया। पुलिस टीम के द्वारा ग्राम अखोला पहुँच कर , मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंचे बल्लू पिता नान सिंह निवासी ओखला के खेत अवैध गांजे के 05 पौधे कपास के खेत में लगे मिले हैं। पुलिस टीम ने आरोपी बल्लू के खेत से अवैध गांजे के 05 पौधे करीबन 6 किलो 600 ग्राम कीमत लगभग 30000 रुपये को विधिवत जप्त किया । आरोपी बल्लू की तलाश करते नहीं मिला, आरोपी बल्लू के विरुद्ध थाना बलवाड़ा पर अपराध क्रमांक 298 /2024 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। उक्त की गई कार्यवाही मे अनुविभागिय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग बड़वाह अर्चना रावत के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी बलवाड़ा निरीक्षक अनिल बामनिया के नेतृत्व में, चौकी प्रभारी काटकुट उनि रामआसरे यादव, चौकी प्रभारी बागोद सउनि हरिशंकर पान्टेल, पुलिस स्टाफ, प्रधान आरक्षक बालूसिंह गिरवाल, आरक्षक कुलदीप, आरक्षक कपिल मीणा आरक्षक अनिल यादव,का विशेष योगदान रहा ।

## समीप गवालु घाट पर बस मोटरसाइकिल की हुई भिडंत

### बाइक सवार युवक की मौके पर मौत

विनय उजाला



**बलवाडा, निप्र।** इंदौर खंडवा लाईन की अमर ज्योती कंपनी की बस हुई दुर्घटना ग्रस्त। सवारियों ने बताया की इंदौर से ही बस चालक बडी तेज रफ्तार मे चला रहा था जो की आगे चल रही बस को ओवर टेक करने के लिए गवालु घाट मे आगे निकाली तो दो मोटरसाइकि वालो को टक्कर मारदी जिसमे मोटरसाइकिल क्रमांक एम पी 09 क्यु ए 5589 की घटना स्थल पर मौत हो गई। बस मे बेठे पंद्रह यात्री घायल हुए जिन्हें पुलिस द्वारा आस्पताल पहुचाया गया।दूसरा बाइक सवार युवक रोशनियां निवासी त्रिलोक सौदा इंदौर अपनी पत्नी के साथ अपनी बाइक से जा रहे थे।गनीमत यह रही की पति पत्नी बाल बाल बचे। जिन्हें हल्की चोटे आई।जिनका उपचार बलवाड़ा प्रथामिक स्वास्थ्य केंद्र पर किया गया।बस में 50 से भी अधिक यात्री सफर कर रहे थे। घटना की सुचना मिलते ही बड़वाह तहसीलदार सहित बलवाड़ा थाना प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचे। राहगीरों वह ग्रामीणों की सहायता से बस में फंसे लोगों को बहार निकाला गया। मृतक युवक किसान लग रहा है क्योंकि वह टमाटर के पौधे लेकर जा रहा था।जिसका शव पोस्टमार्टम के लिए बड़वाह के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। यहां यात्रियों को आई चोटे प्रथामिक स्वास्थ्य केंद्र पर किया उपचार। त्रिलोक बलिराम जाति गुर्जर उम्र 23 थाना धनगांव, आशीष पिता कमल जाति बलाई, उम्र 18 वर्ष ममता बाई पति कमल उम्र 40 वर्ष, साजन बाई पति मगुलाल उम्र 62 वर्ष, रंजना बाई पति त्रिलोक उम्र 20वर्ष निवासी पलसी थाना धनगांव के लोग घायल हुए हैं। मृतक सिमरोल थाना क्षेत्र के मेमंदी का है जिसका नाम मनोज पिता हुकुमचंद उम्र 40 वर्ष है। सुबह शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप जायेगा।

### रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर हुआ कार्यशाला का आयोजन

**बड़वानी, निप्र।** शासकीय आदर्श महाविद्यालय बड़वानी, में प्राचार्य डॉ बलराम बघेल के निर्देशन एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ प्रमोद पंडित के मार्गदर्शन में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने रानी लक्ष्मीबाई के जीवन पर अपने विचार रखें एवं रानी लक्ष्मीबाई के संघर्ष को विस्तार से बताया, उन्होंने बताया कि झांसी की रानी लक्ष्मी बाई को मर्दानी कहा गया। कार्यक्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ धर्मेंद्र सिंह जाटव के अतिरिक्त डॉक्टर संजय हिरवे ने लक्ष्मी बाई के जीवन संघर्ष के साथ उनके द्वारा लड़े गए युद्धों पर प्रकाश डाला, डॉ. दिनेश पाटीदार, डॉ राजेंद्र सिंह चौहान, डॉ अल्केश मुवेल, आकांक्षा भावसार, गौरव सोनी एवं अन्य समस्त स्टाफके साथ बड़ी संख्या विद्यार्थी उपस्थित थे।

## कलेक्टर कर्मवीर शर्मा की स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास की सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की समीक्षा

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर कर्मवीर शर्मा द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से खरगोन जिले के सभी विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारियों एवं बाल विकास परियोजना अधिकारियों की बैठक रखी गई , जिसमें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एमएस सिसोदिया, सिविल सर्जन डॉ. एएस चौहान, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती भारती आवास्या उपस्थित थी।

इस समीक्षा बैठक में कलेक्टर कर्मवीर शर्मा द्वारा दिए गए निर्देशों में सभी विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर सभी पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड तेजी से बनाएं। अगले 20 दिनों में आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य 95 प्रतिशत तक पूर्ण हो जाना चाहिए। इस योजना के अंतर्गत 70 वर्ष से कम आयु के सभी पात्र लोगों के कार्ड बनाना है। 70 वर्ष से अधिक के आयु के लोगों के लिए आय का बंधन नहीं रखा गया है। अत: 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों का आयुष्मान कार्ड तत्परता के साथ बनाया जाए। 70 वर्ष से अधिक के लोगों के लिए कार्ड बनाने की प्रक्रिया भी सरल कर दी गई है। उन्हें केवल अपना आधार नंबर एवं उससे लिंक मोबाईल नंबर लेकर आना है।

नर्मदा परिक्रमा : सायता पहुंचीं स्वास्थ्य विभाग की सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक ने विद्यार्थियों से कहा-

# धर्म, संस्कृति, सभ्यता व संस्कार जीवन के आधार स्तंभ, ये पाठ्य पुस्तकों में होना चाहिए शामिल

महेश चौहान

**कसरावद। मां नर्मदा परिक्रमा पर निकलीं स्वास्थ्य विभाग की सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक व महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. शशि ठाकुर नर्मदा तट के ग्राम सायता पहुंचीं। उन्होंने शासकीय माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को संबोधित कर बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य व शिक्षा हासिल करने के लिए प्रेरित किया।**







उन्होंने कहा कि देश में हजारों वर्ष पूर्व मुगल आक्रांताओं व अंग्रेजों ने राज किया। देश के ऐतिहासिक स्थलों व धरोहरों के साथ छेड़छाड़ कर नुकसान पहुंचाया। इतिहास में आज भी बच्चों को उनकी जीवनी पढ़ाई जाती है। लेकिन देश के कई शूरवीरों की वीरता का उल्लेख ही नहीं है। मैकाले की शिक्षा व्यवस्था को अरसे से हम पढ़ते आए हैं और वर्तमान में भी यह कुछ हद तक लागू है। जबकि धर्म, संस्कृति, सभ्यता व संस्कार जीवन के आधार स्तंभ है। इनको पाठ्य पुस्तकों में शामिल किया जाना चाहिए। सभी को इतिहास के बारे में जानना और सम्झना चाहिए।

### धार्मिक ग्रंथ पढ़ने पर दिया जोर

वीरांगना रानी दुर्गावती जी के परिवार से जुड़ी व वनवासी विकास परिषद छत्तीसगढ़ की प्रांत कार्यकारिणी सदस्य दिव्या सिंह ने भी संबोधित किया। उन्होंने धार्मिक ग्रंथों को पढ़ने पर जोर दिया। साथ ही महिला बाल विकास विभाग में कार्यरत अलका चौहान, निर्मला व संगीता जगदीश भावसार खरगोन नर्मदा परिक्रमा साथ में पैदल यात्रा कर रही है। स्कूल में विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए विभिन्न किस्म के पौधे व सब्जी उत्पादन व स्कूल की बेहतर व्यवस्था की डॉ. ठाकुर ने सराहना की। प्रधानाध्यापक संजय शर्मा, करम चौहान, रामकन्या कुशवाह, गिरजेश कुशवाह, नेपालसिंह गोयल व ग्राम के करण सिंह पटेल मौजूद थे।

### महिलाओं को स्वास्थ्य के लिए कर रही जागरूक

डॉ. ठाकुर ने कहा- सेवानिवृत्ति के बाद महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर गांवों में जागरूकता लाई जा रही है। इसमें सिकलसेल, कुपोषण व गर्भधारण संस्कार पर जनजातीय क्षेत्र में पिछले लंबे समय से काम कर रहे हैं। महिलाओं में अधिकांशत : रक्त व विटामिन की कमी, कम आयु में विवाह होने से शरीर में बदलाव, गर्भावस्था के दौरान सही देखभाल नहीं होने और समय से पहले बच्चों का जन्म होने से शिशु मृत्यु दर बढ़ रही है। रक्त की कमी महिलाओं की मृत्यु का कारण भी बन रही है। वनांचल में सबसे ज्यादा ऐसी परेशानी देखने को मिल रही है। नर्मदा परिक्रमा के दौरान इस पर चर्चा कर लोगों को जागरूक करने का प्रयास जारी हैं।

### जीवन में किसी के सामने ना झुके

डॉ. ठाकुर ने कहा- महेश्वर की देवी अहिल्या बाई होल्कर व रानी दुर्गावती जी का इतिहास व जीवनी सभी को पढ़ना चाहिए। किस तरह उन्होंने अन्याय-अत्याचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी। साहस व पराक्रम के बल पर जीवनभर लड़ाई लड़ी, लेकिन कभी हार नहीं मानी। कुशल नेतृत्व व न्यायपूर्ण उल्लेखनीय काम किए। देश में नारी शक्ति ने कई इतिहास रचे हैं। हम पढ़े व उनसे प्रेरणा लेकर बेहतर काम करें। खुद व परिवार का नाम रोशन करें। समाज व देश के प्रति जागरूक बने। उन्होंने कहा- जीवन में कभी भी किसी से डरना व झुकना नहीं चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### निगम द्वारा बेसमेंट सीलिंग कार्रवाई रोकने का व्यापारियों का अनुरोध



**खंडवा, निप्र।** नगर पालिक निगम खंडवा द्वारा बेसमेंट के अवैध उपयोग के खिलाफ की जा रही सीलिंग कार्रवाई को रोकने हेतु व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव से मुलाकात की, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि व्यापारियों ने कार्रवाई से उनके दैनिक जीवन और आय के स्रोत पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव का उल्लेख करते हुए कुछ समय देने की अपील की,व्यापारी संघ के सदस्यों ने आश्वासन दिया कि यदि निगम उन्हें कुछ समय प्रदान करता है, तो वे नियमानुसार सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करेंगे, महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव ने व्यापारियों की अपील को ध्यानपूर्वक सुना और आश्वासन दिया कि वे इस मुद्दे पर संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर उचित निर्णय लेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि नगर पालिक निगम खंडवा हमेशा व्यापारियों और नागरिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य करता है। यह बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई, जिसमें व्यापारियों ने निगम प्रशासन के प्रति सहयोग की भावना व्यक्त की।

### शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय हरसूद में किया भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन



**हरसूद, निप्र।** मंगलवार दोपहर अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय हरसूद में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। गायत्री परिवार के शिवनारायण सेन की उपस्थिति में मंगलवार दोपहर 2 बजे से परीक्षा प्रारंभ हुई जो दोपहर 3 बजे तक चली। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में महाविद्यालय के 237 विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा का नियंत्रण एवं प्रबंधन राकेश वर्मा, हेमराज नरवरे तथा मनीषा तोमर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य आरएस सिसौदिया ने भारतीय संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### विराट कन्या कौषल षिविर में पधारने गायत्री परिवार की कन्याओं ने घर-घर जाकर लोगों को किया आमंत्रित



**हरसूद, निप्र।** 28 नवंबर से 2 दिसंबर तक गायत्री धाम सिरसौद में विराट कन्या कौशल शिविर का आयोजन अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा किया जा रहा है। जिसमें पधारने के लिए गायत्री परिजनों ने मंगलवार को नया हरसूद में घर-घर जाकर लोगों को आमंत्रण पत्र प्रदान कर आमंत्रित किया। इस अवसर पर गायत्री परिवार की शिवानी पटेल, अंतिम सावनेर, भागीरथ पाटील, नगीन पटेल, अंजली सेन, शिवनारायण सेन, शिव मालवीय, हरनारायण राजपूत आदि मौजूद थे।

### बिना परमिट, बिना फिटनेस संचालित 04 स्कूली वाहन जब्त

**इंदौर (विनय उजाला)।** इंदौर में कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर स्कूली तथा अन्य वाहनों की चेकिंग का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आज क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर द्वारा वाहनों की विशेष चेकिंग की गई। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री प्रदीप शर्मा ने बताया कि वाहन की गति, स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेज की चेकिंग की जा रही है। वाहनों की चेकिंग की कार्यवाही निरन्तर जारी है। जिसमें वाहनों के फ़िटनेस, परमिट, बीमा,पीयूसी, कर प्रमाण पत्र भी चेक किये जा रहे है। बच्चों और पेरेंट्स से चालक परिचालक के व्यवहार के बारे में फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसी दौरान देपालपुर क्षेत्र के एक स्कूल में 04 स्कूली वाहन बिना परमिट, बिना फिटनेस संचालित होते पाए गए, जिन्हें मौके पर ही जब्त किया गया।

# तीन करोड़ का सोना लेकर भागे आरोपी का पता नही चलने पर व्यापारियों का विरोध प्रदर्शन

## एक माह 11 पहले शहर के 7 सराफा व्यापारियों का लेकर दूसरा व्यापारी भागा

विनय उजाला

**रतलाम, निप्र।** सराफा व्यापारियों का करीब 3 करोड़ रुपए का सोना लेकर भागे आरोपी को नही पकड़ पाने पर व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन किया।

शहर के 7 सराफा व्यापारियों का करीब 3 करोड़ रुपए का सोना लेकर भागे ज्वेलर जीवन सोनी को एक माह 11 दिन बीतने के बाद भी पुलिस पकड़ नहीं पाई है।

इससे नाराज रतलाम के सराफा एसोसिएशन ने आज (मंगलवार) दोपहर 12 बजे तक अपना कारोबार बंद रखा विरोध जताया। साथ ही हाथों में जीवन सोनी के गिरफ्तार करने की तख्तियां लेकर रैली निकाल कलेक्ट्रेट पहुंचे और सीएम डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव को सौंपा।





उल्लेखनीय है शहर के चांदनी चौक बोहरा बाखल में ज्वेलरी की दुकान संचालित करने वाला जीवन सोनी 8 अक्टूबर को ग्राहकों को आभूषण दिखाने के नाम पर बड़े व्यापारियों से गहने लेकर गया। लेकिन वापस लौटाने रात तक नहीं पहुंचा। दुकान पर ताला मिला, तब से लेकर आज तक जीवन सोनी फरार है। सराफा व्यापारियों की शिकायत पर माणकचौक पुलिस ने जीवन सोनी के खिलाफ केस दर्ज कर रखा है। लेकिन आज तक वह नहीं मिला।

### सीएम हाऊस में देगें धरना

ज्ञापन में पुलिस प्रशासन की धीमी कार्रवाई पर सवाल उठाए। इसमें कहा गया कि रतलाम शहर की पहचान स्वर्ण नगरी के रूप में देश में पहचानी जाती है। यहां पर सुव्यवस्थित तरीके से व्यापारिक लेनदेन होता है। जीवन सोनी करीब 1800 ग्राम अलग-अलग दुकानों से गहने और 3 से 5 किलो चांदी के आभूषण बाजार के व्यापारियों ग्राहकों को दिखाने ले गया। लेकिन वापस नहीं लौटाए। थाने पर शिकायत भी की। फरार हुए एक माह 11 दिन हो गए हैं। लेकिन पुलिस प्रशासन की कार्रवाई में अभी तक कोई परिणाम सामने नहीं आया है। इस कारण व्यापारियों में रोष है। सराफा एसोसिएशन अध्यक्ष झमक भरगट ने बताया कि पुलिस आरोपी जीवन सोनी को शीघ्र गिरफ्तार नहीं करती है तो एसोसिएशन उग्र आंदोलन करेगा। भोपाल सीएम हाउस पर आमरण अनशन करेंगे।

विरोध प्रदर्शन के दौरान सराफा व्यापारी कलेक्ट्रेट के बाहर अपने वाहन खड़े कर पैदल पहुंचे। जमकर नारेबाजी की। तहसीलदार ऋषभ ठाकुर ज्ञापन लेने आए, लेकिन व्यापारी कलेक्टर को बुलाने की मांग पर अड़ गए।

कुछ देर तक कलेक्टर नहीं आए तो सभी कलेक्ट्रेट की सीढ़ियों पर बैठ गए। बाद में अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव आईं, उन्होंने व्यापारियों से बात की और ज्ञापन लिया। कुछ व्यापारियों को कलेक्टर से मिलवाने की बात कही तो व्यापारी मान गए। बाद में व्यापारियों ने कलेक्टर राजेश बाथम के चैंबर में पहुंच मुलाकात की। व्यापारियों ने जीवन सोनी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।

### उपचुनाव में हिंसक घटनाओं एवं अंबेडकर की प्रतिमा तोड़ने पर कार्रवाई की मांग

# रतलाम में कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन, ज्ञापन भी दिया

विनय उजाला

**रतलाम, निप्र।** विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में हुए उपचुनाव में हिंसक घटनाओं एवं बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा तोड़ने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर रतलाम शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा आज बाबा साहब अंबेडकर प्रतिमा कोर्ट चौराहे पर धरना एवं प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की शुरूआत में देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर उनकी तस्वीर एवं बाबा साहब की प्रतिमा को माल्यार्पण किया गया उसके पश्चात विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने कहा की विजयपुर उपचुनाव में हुई घटना बहुत ही निंदनीय है। दलित एवं आदिवासी समाज पर हुए अत्याचार एवं बाबा साहब की प्रतिमा को क्षति पहुंचाना बहुत ही दुखद घटना है । इस प्रकार की घटनाएं बताती हैं कि भारतीय जनता पार्टी को सत्ता की कितनी भूख है। आम कांग्रेस जन को संघर्ष के लिए तैयार रहना पड़ेगा। सैलाना पूर्व विधायक कांग्रेस महासचिव हर्ष विजय गहलोत ने अपने उद्बोधन में कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से दलित आदिवासियों और गरीब तबके की भलाई के लिए कार्य किया है भारतीय जनता पार्टी की सत्तारूढ़ सरकार ने शासकीय भर्ती पर भी रोक लगा रखी है। गरीब और आदिवासी और दलित युवा बेरोजगार घूम रहा है विजयपुर की घटना दमनकारी है और इसका पूरजोर तरीके से विरोध जारी रहेगा।



**ये रहे उपस्थित**

धरना कार्यक्रम को जिला ग्रामीण कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश शर्मा नेता प्रतिपक्ष शांतिलाल वर्मा, सचिव डीपी धाकड़, सतीश पुरोहित, श्रीमती यास्मीन शैरानी, श्रीमती कुसुम चाहर, कमरूदीन कछवाय, हितेश पेमाल, प्रभु राठौड़, शैलेंद्र सिंह अठाना, फैयाज मंसूरी, हीरालाल परमार, रजनीकांत व्यास, राजीव रावत, रामचंद्र धाकड़, सोहेल काजी, सुजीत उपाध्याय, वीरेंद्र प्रताप सिंह ने संबोधित किया। इस अवसर पर अमरसिंह शेखावत, युवक कांग्रेस अध्यक्ष सैयद बूसात जैदी, सेवादल अध्यक्ष महीप मिश्रा,सचेतक श्रीमती आशा रावत, एनएसयूआई अध्यक्ष निलेश शर्मा, पार्षद नासिर कुरेशी, कविता महावर, फकरूदीन मंसूरी, डॉ मुस्तफा, पार्षद प्रतिनिधि भारत सैन, राजनाथ यादव, प्रदीप राठौर, इक्का बेलूत, अंत में एक ज्ञापन राज्यपाल के नाम तहसीलदार आशीष उपाध्याय को दिया।

### आधार कार्ड में जन्मदिनांक अपडेट कराने की जनसुनवाई में लगाई गुहार



**हरसूद, निप्र।** ग्राम सरमेश्वर, तहसील खालवा निवासी मुकेश पिता रामचरण मंगलवार को नया हरसूद में आहूत जनसुनवाई में पहुंचे तथा अपनी पुत्री की जन्म दिनांक आधार कार्ड में अपडेट कराने की गुहार लगाई। मुकेश ने हरसूद एसडीएम पुरूषोत्तम कुमार को बताया कि मेरी पुत्री संध्या की कक्षा 10वीं की अंकसूची तथा ग्राम पंचायत द्वारा जारी किए गए जन्म प्रमाण पत्र में जन्म दिनांक 25 फरवरी 2007 दर्ज है। जबकि आधार कार्ड में जन्म दिनांक 1 जनवरी 2008 दर्ज है जो कि गलत है। आधार कार्ड में जन्म दिनांक गलत होने के कारण एमपी टॉस्क प्रोफाईल का पंजीयन नहीं हो पा रहा है। साथ ही संध्या अपनी आगे की पढाई नहीं कर पा रही है। मुकेश ने बताया कि आधार कार्ड में सही जन्म दिनांक अपडेट कराने के लिए दो बार भोपाल तथा एक बार दिल्ली के चक्कर भी लगा चुका हूं। मुकेश ने हरसूद एसडीएम से अंकसूची के आधार पर आधार कार्ड अपडेट किए जाने हेतु प्रमाणीकरण करने की मांग की।

### आलोट खाद लूट मामले में पूर्व विधायक सहित सभी आरोपी कोर्ट से हुए बरी

# 35 दिन तक विधायक को रहना पड़ा था जेल में, चुनाव के बाद पार्टी बदली

विनय उजाला

**रतलाम, निप्र।** बहुचर्चित खाद लूट मामले में इंदौर की एमपी एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश विजय डांगी ने आलोट खाद लूट के सभी पांचों आरोपियों को बरी कर दिया। दो साल यह केस कोर्ट में चल रहा था। जिसका सोमवार को फैसला आया है। इस केस में 35 दिन तक पूर्व विधायक मनोज चावला जेल में रहे थे। साथ ही कांग्रेस नेता योगेंद्र सिंह जादोंन भी 96 दिनों तक जेल मे बंद रहे थे। फिलहाल दोनों जमानत पर बाहर थे।



खाद लूट की घटना के बाद कांग्रेस के पूर्व विधायक रहे मनोज चावला ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा था कि भाजपा सरकार का सिस्टम पूरी तरीके से फेल है। सरकार किसानों को खाद उपलब्ध कराने में असफल रही है।विधायक ने कहा था कि सरकार 100 मुकदमे और मुझ पर बना दे तब भी मैं किसान की लड़ाई लड़ता रहूंगा। पिछले करीब 1 वर्ष से कांग्रेस के पूर्व विधायक रहे मनोज चावला भाजपा में है। उन्होंने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के हाथों रतलाम में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली थी। लूट के सभी 5 आरोपी पूर्व विधायक मनोज चावला, कांग्रेस नेता योगेंद्र सिंह जादौन ,नाहर सिंह निवासी गरडा ,बालू सिंह निवासी निपानिया राजगुरु ,तवर सिंह निवासी हनुमंतिया को कोर्ट ने बरी कर दिया हैं।

इस मामले में मुख्य आरोपी रहे पूर्व विधायक मनोज चावला ने कहा कि न्यायालय के फैसलों पर हमें पूरा भरोसा था। पुलिस ने हम पर झूठा मुकदमा दर्ज किया था। मैं वहां किसानों की लड़ाई लड़ने गया था। जब घटना घटित हुई थी। तब पुलिस भी वहां मौजूद थी। ऐसे में लूट का तो कोई सवाल ही नहीं था।पूर्व विधायक अब भाजपा में शामिल हो चुके हैं।

**विधायक ने शटर उठाकर लुटाया था खाद**

10 नवम्बर 2022 को ताल रोड स्थित खाद बिक्री केंद्र की सरकारी गोदाम पर सर्वर डाउन होने से पीओएस मशीन नहीं चली तो यूरिया नहीं बंटा नाराज किसानों ने हंगामा शुरू कर दिया। इस बीच विधायक पहुंचे और गोदाम का शटर उठाकर किसानों से कहा ले लो यूरिया। इसके बाद किसानों ने यूरिया की लूटमार मचा दी। खाद लूट ये मामला पूरे प्रदेश में चर्चित हो गया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ सहित कई बड़े नेताओं ने इस मामले में बयान-बाजी की थी। इसी मामले में एसपी कलेक्टर ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आलोट से पूर्व विधायक रहे मनोज चावला और कांग्रेस नेता योगेंद्र सिंह जादौन पर शासकीय कार्य में बाधा, लूट, डकैती सहित अन्य मामलों में केस दर्ज कराया था।

# आधी रात में सड़को पर बेवजह घुमने वालों पर पुलिस का शिकंजा, जेलवाहन में शहर घुमाया

विनय उजाला

**रतलाम, निप्र।** रात बे-रात सड़को पर बेवजह घुमने वाले लोगो पर पुलिस ने शिकंजा कसा है। शहर में रात को निकले युवाओं को पुलिस ने पकड़ा और जेल वाहन में बैठाया। एक घंटे तक घूमाया और फिर थाने पर हिदायत देकर छोड़ा।



शहर के कई क्षेत्रों खासकर स्टेशन रोड क्षेत्र में चाय की दुकानों पर ये युवा पहुंचते हैं। ऐसे में लगातार विवाद की भी सूचना पुलिस के पास आती रहती है। थाना स्टेशन पुलिस ने एसपी अमित कुमार के निर्देश पर अनोखा तरीका निकाला। पुलिस जेल वाहन लेकर दो बत्ती, स्टेशन रोड क्षेत्र, दिलबाहर चौराहा में पहुंची। चाय व सिगरेट की दुकानों पर युवा बड़ी संख्या में मिले। युवाओं से पूछा क्यों आए तो कहा- चाय पीने आए। तब पुलिस ने उन्हें कहा हम चाय पिलाते हैं और जेल वाहन में बैठा दिया।

इनमें से कुछ युवा बोले हम तो ऐसे ही घूमने निकले है, तब स्टेशन रोड थाना प्रभारी राजेंद्र वर्मा ने कहा कि हम आपको घुमाते हैं। उन्हें भी जेल वाहन में बैठाया। कार्रवाई को देख कई युवा तो दूर से रफू-चक्कर हो गए।

पुलिस ने आधी रात तक खुली रहने वाली दुकानों को भी बंद कराया। युवा जेल वाहन में बैठे कैमरा देख अपना मुंह छिपाते रहे। पुलिस ने स्टेशन रोड, दो बत्ती, दिलबहार चौराहा से पकड़े युवाओं को जेल वाहन से क्षेत्र में करीब एक घंटे तक बैठा कर घूमाया। रात 12 बजे स्टेशन रोड थाने पर लेकर आए। थाना प्रभारी राजेंद्र वर्मा ने जब पूछताछ की तो सभी थाना क्षेत्र के बाहर के युवा थे। कारण पूछा तो कोई कहने लगा चाय पीने आए तो कोई दूसरे बहाने बनाने लगे। तब थाना प्रभारी ने सख्त हिदायत दी कि रात में घर पर रहो। बेवजह सड़कों पर नहीं दिखने चाहिए। सख्त हिदायत देकर कहा यह पहली बार है अब अगली बार दिखोगे तो कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद सभी युवाओं को छोड़ दिया।

### सतवास पुलिस ने लोगों को साइबर अपराधों से सतर्क रहने की दी समझाइए

**खातेगांव, निप्र।** साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को लेकर लोगों को सतर्क रहने की समझाइए देने के लिए सतवास पुलिस ने नगर मे जागरुकता अभियान चलाया। बढ़ते साइबर अपराधों को रोकने के लिए सतवास पुलिस ने मंगलवार को नगर में जागरुकता अभियान चलाया। जिला पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत एडिशनल एसपी आकाश भूरिया के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सतवास थाना प्रभारी आशीष राजपूत और पुलिस टीम ने सतवास कस्बे में घूम-घूम कर एवं चौपाल लगाकर लोगों को साइबर ठगी के बारे जागरूक किया। इस दौरान नगरवासियों को साइबर अपराधियों द्वारा लाटरी, एनी डेस्क एप, टीम व्यूवर, एसएमएस फावर्डिंग एप, लोन एप, फेक कस्टमर केयर नंबर आदि के माध्यम से लोगों को ठगी से बचने के तरीके बताए। साथ ही बताया कि आनलाइन जाब, क्रेडिट और डेबिट क्राड की डिटेल प्राप्त कर भी साइबर ठग खातों से रुपये उड़ा रहे है। पुलिस ने लोगों से अपील की कि लोग झूठे प्रलोभन से बचें। यदि इसके बावजूद साइबर क्राइम के शिकार होते हैं तो तुरंत पुलिस को खबर करे वही, साइबर धोखाधड़ी के मामलों में अपनी शिकायत नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर भी दर्ज करवा सकते हैं।

# शासकीय महाविद्यालय हरसूद में वक्ताओं ने विद्यार्थियों को किया संबोधित

विनय उजाला

**हरसूद, निप्र।** शासकीय महाविद्यालय हरसूद में दिनांक 14 से 20 नवंबर 2024 तक राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत मंगलवार को विद्यार्थियों के मार्गदर्शन हेतु राष्ट्र स्तरीय वक्ताओं के वक्तव्य एवं मार्गदर्शक चलचित्र का प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिथियों द्वारा मां वीणा वादिनी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। अतिथियों के स्वागत के पश्चात कार्यक्रम संयोजक श्रीमती अफसान खान ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम कि विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने छात्रों को संबोधित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती हेमलता नागर ग्रंथपाल शासकीय अग्रणी महाविद्यालय खंडवा उपस्थित रहीं। इस मौके पर डॉ सुनीता पमनानी ग्रंथपाल एवं विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी ई-ग्रंथालय उन्नयन प्रकोष्ठ मध्य प्रदेश ने पुस्तकालयों के इतिहास एवं विकास पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को अखबार और मैगजीन पढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया। रूसमानसाब गुरिकर ग्रंथपाल शासकीय महाविद्यालय नेपानगर ने पुस्तकालय शिष्टाचार के विषय में विस्तृत जानकारी दी। श्रीमती मुस्कान केसरवानी ने छात्रों को पुस्तकालय का महत्व को बताते हुए कहा कि अर्न करने के लिए लर्न करना आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. व्हीके वर्मा ने की। कार्यक्रम प्रभारी डॉ जयेश वैष्णव ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया साथ ही शिक्षा का जीवन में महत्व एवं विभिन्न जानकारियां प्रदान की। कार्यक्रम में प्रो. सोलंकी, प्रो. राखी नामदेव, प्रो. निरंजना मलानी, प्रो. दीपाली गंगराड़े, प्रो.ललिता वर्मा उपस्थित रहे। तकनीकी सहायता प्रो. क्षितिज कुशवाह, दुर्गेश कनाडिया एवं संदीप लौवंशी ने प्रदान की। प्रो. बृजेश सरेयाम ने विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किया। कार्यक्रम के अंत में प्लूटो नमक शॉर्ट मूवी छात्रों को दिखाई गई। कार्यक्रम का संचालन प्रो. अंकुश साहू ने किया।



## बाजार भाव

### इंदौर मंडी

# डंकी चना - मसूर में गिरावट

**इंदौर (व्यापार प्रतिनिधि)।** चना आवक करीब 2000 बोरी। नीलामी 6500 - 6600 रुपए। चना मिल डिलेवरी 6650 - 6800 रुपए। डॉलर चना की आवक लगभग 4000 बोरी। नीलामी 1300 - 14000 रुपए।

**छावनी व्यापारिक मंडी ( प्रति क्विंटल) -** चना कांटा 6700 - 6750 विशाल चना 6600 - 6650 डंकी चना 5800 - 600 मसूर 6000 - 6050 मूंग एवरेज 7200 - 7700 मूंग ( गर्मी का) 8000 - 8200 उड़द ( गर्मी) बेस्ट - 8300 - 8800 एवरेज मीडियम उड़द 6500 - 7800 हल्की 3000 - 5000 तुअर निमाड़ी 8500 - 9700 रुपए क्विंटल।

तिलहन - सोयाबीन 4390 - 4400 सरसों निमाड़ी बारीक 5700 - 5900 एवरेज बारीक 5500 - 5600 रुपए।

**दाल भाव (प्रति क्विंटल) -** तुअर दाल फूल 12200 - 12400 तुअर दाल सवा नंबर 11900 - 11900 चना दाल 8300 - 8400 एक्स्ट्रा बोल्ड 9500 मसूर दाल 7500 - 7550 मूंग दाल 9600 - 9700 मूंग मोगर 9600 - 9700 उड़द दाल 12500 - 13000 उड़द मोगर 12500 - 13000 रुपए।



**चावल भाव (प्रति क्विंटल)** - कोहिनूर बासमती वंड 14800 - 15300 तिबार 12400 - 12600 मिनी दुबार बासमती (921) 10300 - 10500 बासमती सैला (क्वालिटीनुसार) 6800 - 9500 रुपए।

**सियागंज थोक किराना बाजार -** सूखे मेवे (प्रति किलो) - काजू ( सभी वैरायटी) 640 - 800 काजू टुकड़ी 560 - 570 बादाम (देसी - आयातित) 680 - 790 किशमिश कंधारी 550 - 570 बेस्ट 610 - 690 रुपए किलो।

**तेल बाजार (प्रति 10 किलो) -** मूंगफली तेल इंदौर 1510 - 1520 मुबंई 1525 - 1530 गुजरात 1485 - 1490 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 1315 - 1320 सोया सॉल्वेंट 1255 - 1270 मुंबई सोया रिफाइंड तेल 1370 - 1380 सोया डीगम (बिना टैक्स ) 1260 - 1265 इंदौर पाम ऑइल 1425 - 1430 मुंबई पाम ऑइल 1365 - 1370 गुजरात कपास्या तेल 1240 - 1245 रुपए। राजकोट तेलिया मूगंफली तेल 2370 - 2380 रुपए प्रति 15 किलो पैक।

**मावा** - 340 रुपए किलो।

**इंदौर सराफा बाजार -**
सोना 10 ग्राम 77500 रुपए।
चाँदी 92500 रुपए किलो।
चाँदी सिक्का 1125 रुपये प्रति नग।
सोना 2624 डॉलर प्रति औंस।
चांदी 3137 सेंट प्रति औंस।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस उप महानिरीक्षक ग्रामीण रेंज भोपाल ने वार्षिक निरीक्षण के दौरान परेड की सलामी ली एवं दरबार लिया



**सीहोर, निप्र।** श्री ओमप्रकाश त्रिपाठी पुलिस उप महानिरीक्षक ग्रामीण रेंज भोपाल वार्षिक निरीक्षण के क्रम में पुलिस लाईन सीहेर पुहंचकर परेड की सलामी ली। इस दौरान अच्छी वेशभूषा पहने पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। उन्होंने प्लाटूनवार परेड और कार्यवाही का निरीक्षण किया। उपरांत पुलिस वाहनों का निरीक्षण किया गया। परेड के उपरान्त पुलिस लाईन सीहोर की सभी शाखाओं को निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात दरबार संबोधन में ओमप्रकाश त्रिपाठी पुलिस उप महानिरीक्षक ग्रामीण रेंज भोपाल ने कहा कि परेड अनुशासन की जड़ है और परेड का मूल उद्देश्य अनुशासन बनाए रखना है। ड्यिूटी के दौरान सभी पुलिसकर्मियों की अच्छी वेशभूषा धारण करनी चाहिए जिससे पुलिस की अच्छी छवि प्रदर्शित होती है, तथा सभी को अपने स्वास्थ्य के साथ-साथ अपने परिवार के भी स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिये। अंत में पुलिस उप महानिरीक्षक ग्रामीण रेंज भोपाल ने दरबार लिया जाकर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समस्याओं को सुना ओर उनका यथा संभव निराकरण किया। इस अवसर पर दीपक कुमार शुक्ला पुलिस अधीक्षक सीहोर, गीतेश गर्ग अतिरिक्त पुलिस सीहोर सहित जिले के समस्त अनुभाग प्रभारीगण तथा समस्त थाना प्रभारीगण एवं रक्षित निरीक्षक सीहोर उपेन्द्र यादव सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बनवाए आयुष्मान कार्ड

**देवास, निप्र।** केन्द्र सरकार द्वारा 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वृद्धजनों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल किया गया है। आयुष्मान भारत निरामयम योजना में अब सत्तर वर्ष या उससे अधिक आयु वाले सभी नागरिकों को भी प्रतिवर्ष पांच लाख रूपये तक का नि:शुल्क उपचार की सुविधा दी जा रही है। देवास जिले के सत्तर वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी वरिष्ठ नागरिक अपने आधार कार्ड को अपडेट करवाकर जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है।

### महासति रत्नकुंवर मसा की समाधि पर प्रवचन आज



**शाजापुर, निप्र।** जैन साध्वी के साथ शहर में आज प्रवचन किए जाएंगे। महासति रत्नकुंवर मसा के समाधि स्थल स्वर्गीय हिम्मतमल माणकचंद जी के बगीचे पर आज बुधवार को महासति दक्षिण ज्योति, डॉक्टर आदर्श ज्योति मसा, डॉक्टर आत्म ज्योति मसा, डॉक्टर रजतज्योति मसा साहब आदि के प्रवचन, ध्यान और जाप का आयोजन किया जाएगा। महासति डॉक्टर आदर्श ज्योति मसा प्राच्य विद्यापीठ से सुबह 8.30 बजे विहार कर समाधि स्थल पहुंचेंगी जहां प्रवचन किए जाएंगे।

### कांग्रेस ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



**शाजापुर, निप्र।** कांग्रेस ने जिला अस्पताल परिसर स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। मंगलवार को बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा और बताया कि 13 नवंबर 24 को सम्पन्न हुए विधानसभा उपचुनाव में भाजपा सरकार ने लोकतंत्र की हत्या करते हुए विजयपुर और बुधनी के मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग करने से रोका। साथ ही संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति तोड़ी गई और दलित समाज के लोगों पर हमला किया गया। ज्ञापन में कार्रवाई की मांग की गई।

### भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित महाविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताएं संपन्न

**शाजापुर, निप्र।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन शासकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित महाविद्यालय स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताएं मंगलवार को संपन्न हुई। बीते दिन तीन प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं थी जिसमें भाषण प्रतियोगिता में प्रथम रोहित कराड़ा, द्वितीय लक्ष्य शर्मा और तृतीय स्थान पर कुलदीपसिंह सेंधव रहे। वहीं निबंध प्रतियोगिता में प्रथम कृष्णा, द्वितीय सलोनी चंदेल, तृतीय स्थान पर आशा मालवीय, पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम विजया सोनी, द्वितीय वीर जाट, तृतीय अर्चना सेंधव रहीं। समापन पर आयोजित लोकनृत्य में प्रथम समूह बी, द्वितीय समूह ए और तृतीय स्थान नेहा मालवीय ने हासिल किया। लोकगीत में प्रथम समूह ए, द्वितीय चेतना परमार और तृतीय सलोनी समूह रहा। साथ ही सामान्य ज्ञान में प्रथम रोहित कराड़ा, द्वितीय देवेंद्र सौराष्ट्रीय, तृतीय स्थान पर देवेंद्र पाटीदार रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य बीएस विभूति ने की। इसी दिन प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र एवं स्मृतिचिह्न प्रदान किए गए।

### झांसी अग्निकांड के बाद शाजापुर जिला अस्पताल में मॉकड्रिल

**शाजापुर, निप्र।** झांसी मेडिकल कॉलेज में हुए भीषण अग्निकांड के बाद शाजापुर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है और इसीके चलते अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए अधिकारियों को पाबंद किया गया है। कलेक्टर ऋजु बाफना के निर्देश पर मंगलवार को जिला कोषालय अधिकारी जीएल गुवाटिया ने अस्पताल का निरीक्षण किया। साथ ही नवजात बच्चों के आईसीयू वार्ड में मॉकड्रिल कर आपातकालीन परिस्थितियों में वार्ड में भर्ती नवजात बच्चों को सुरक्षित तरीके से शिफ्टिंग की तैयारी की जांच की गई। मॉकड्रिल के जरिए आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए व्यवस्थाओं को देखा गया। मेडिकल स्टॉफ और डॉक्टरों को आगजनी जैसी परिस्थितियों से निपटने के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए गए।

# विश्व शौचालय दिवस पर सफाई मित्रों को किया सम्मानित, स्वच्छता की दिलाई शपथ

विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र। विश्व शौचालय दिवस पर मंगलवार को शाजापुर बस स्टैंड स्थित जन सुलभ सुविधा केंद्र पर रंगोली बनाई गई। राजकुमार अकेला ने बताया कि सफाई मित्र निरंतर शौचालय की साफ-सफाई करते हैं और उन्हीं के प्रयासों से हमें शौच एवं स्नान आदि कार्यों के लिए साफ एवं स्वच्छ शौचालय मिलता है।**

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नागरिकों के द्वारा सफाई मित्र श्याम एवं केयरटेकर सतीश झा को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं उपयोगकर्ताओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए सामूहिक रूप से स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

### विभिन्न गतिविधियों का आयोजन होगा

सुरक्षित एवं स्वच्छ शौचालयों तक पहुंच और उपयोग तथा स्वच्छता पर जागरूकता को बढ़ाने के लिए 19 नवंबर को विश्व



शौचालय दिवस से हमारा शौचालय हमारा सम्मान शुरू हुआ जिसका समापन 10 दिसम्बर को मानवाधिकार दिवस पर होगा। जिला पंचायत सीईओ संतोष टैगोर ने बताया कि जिले की सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को निर्देशित किया गया है कि विभागीय समन्वय स्थापित कर अपनी जनपद पंचायत अन्तर्गत आने वाली समस्त ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन करें। सीईओ ने बताया कि आईएचएचएल के लिए पंजीकरण अभियान चलाने तथा सभी पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति आदेश वितरित कर शौचालयों के निर्माण में तेजी लाने के लिए ग्राम स्तर पर शिविर आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसी प्रकार ग्राम पंचायत स्तर पर सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत शौचालय प्रतियोगिता तथा ब्लॉक, जिला स्तर पर सर्वश्रेष्ठ सामुदायिक स्वच्छता परिसर प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए भी कहा गया है। प्रतियोगिता के विजेताओं को जनपद एवं जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। सभी जनपद पंचायतों में इस अभियान को प्रभावी बनाने में आवश्यक अभिसरण सुनिश्चित करने के लिए जनपद पंचायतों के सीईओ को निर्देशित किया गया है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग के साथ अंतर विभागीय बैठकें आयोजित करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों, विद्यालय परिसरों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उप स्वास्थ्य केन्द्रों आदि संस्थानों में क्रियाशील शौचालय बनाएं तथा उनका रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। समस्त सामुदायिक स्वच्छता परिसरों में नलजल से जल आपूर्ति की उपलब्धता एवं उपयोगिता सुनिश्चित करें। पीएचसीएस, सीएचसीएस, स्कूलों, आंगनवाड़ी केन्द्रों, एएनएम केन्द्रों आदि में शौचालय की कमी का आंकलन कर सीएसआर, विभागीय और एसबीएम निधियों का लाभ उठाकर शौचालयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, सफाई कर्मचारियों के असाधारण योगदान का जश्न मनाने एवं उन्हें आवश्यक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए सम्मान शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए गए।



# सभी अधिकारी कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम को अच्छे से पढ़ लें

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम को सभी अधिकारी अच्छे से पढ़ लें। काई भी किसी भी बात को मजाक में नहीं लें। यदि कोई शिकायत आती है तो सख्त कार्यवाही की जायेगी। अधिनियम यौन उत्पीड़न को रोकने, निषेध करने, और उससे निपटने के लिए बनाया गया है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि महिला अधिकारी/कर्मचारी अनचाहे व्हाट्सअप, कॉल को नजर अंदाज नहीं करें।

### स्वास्थ्य विभाग अपनी ग्रेड सुधारे...

कलेक्टर श्री गुप्ता ने समाधान ऑनलाइन आवेदनों की समीक्षा कर निर्देश दिये कि समाधान एट्रीब्यूट की शिकायतों का निराकरण शीघ्र करें। कलेक्टर श्री गुप्ता ने सीएम हेल्पलाइन की प्रगति की समीक्षा कर निर्देश दिये कि अधिकारी शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कर अपनी ग्रेडिंग सुधारें। शिकायतों का संतुष्टीपूर्वक निराकरण करें। स्वास्थ्य विभाग लगातार डी ग्रेड में बना हुआ है। स्वास्थ्य विभाग शिकायतों का निराकरण कर अपनी ग्रेड सुधारे। कलेक्टर श्री गुप्ता ने एनआरसी में भर्ती बच्चों की जानकारी ली। खातेगांव में एनबीएसयु में स्टॉफ की कमी होने पर सीएमएचओ को निरीक्षण के निर्देश दिये।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षिका श्रीमती कुरैशी सम्मानित

विनय उजाला

**बाकानेर, निप्र।** दिनांक 15 नवंबर 2024 शुक्रवार को राजधानी भोपाल के दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय के राज सदन राजूरकर राज स्मृति सभागार में शिक्षाविद् गिजूभाई जयंती समारोह चिंतन शिविर एवं गिजूभाई सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में धार जिले के गंधवानी विकासखंड की शिक्षा श्रीमती तनवीर जहां कुरैशी उज्जैन को गिजुभाई सम्मान प्रदान किया गया। श्रीमती कुरैशी को या सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने , बेहतर शिक्षण सामग्री निर्मित करने तथा विद्यालय को आनंद घर में रूपांतरित करने के लिए प्रदान किया गया है। साथ ही राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर प्रेस क्लब का वर्किंग जर्नलिस्ट द्वारा भोपाल में



शील्ड प्रसशां पत्र देकर सम्मानित किया, उनकी इस उपलब्धि पर बीआरसीसी रमेश मोलेश्वर प्राचार्य फतेसिंह रावत सहित अनेको शिक्षकों ने बधाईयां प्रेषित की।

# तेज आवाज साइलेंसर और हूटर की आवाज से जनता परेशान

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** नगरवासी इन दिनों मोटरसाइकिलो में तेज आवाज वाले साइलेंसर से काफी परेशान हैं वहीं चार पहिया वाहन में लगे हूटर भी जनता को काफी परेशान कर रहे हैं। इस सम्बन्ध में नगरवासियों द्वारा पुलिस से इन वाहनों से शोर करते इन साइलेंसर, हूटरों को निकालने की मांग की गई है।

इन दिनों युवा मोटरसाइकिल में तेज आवाज वाले साइलेंसर लगाकर नगर की सड़कों में बेधड़क तेजी से वाहन दौड़ा रहे हैं। लेकिन ऐसे वाहन चालकों पर कार्रवाई नहीं होने से मनमानी बढ़ती जा रही है। इसके कारण ध्वनि प्रदूषण बढ़ रहा है। युवा वर्ग दोपहिया वाहनों में मोडिफाई करवाकर तेज आवाज निकालने नए साइलेंसर लगवा रहे हैं। बाइक के शौकीन युवा नए साइलेंसर को निकालकर लंबी पाइप वाली साइलेंसर लगा रहे हैं। इसके कारण कई बार पीछे से तेज आवाज आने से राहगीर डर जाते हैं। तेज ध्वनि के साथ फायर की आवाज निकलती है। बाइक की एक्सीलेटर बढ़ाकर गलियों में भी ध्वनि प्रदूषण की जा रही है। जिसके कारण बच्चों, बुजुर्गों, दिल की बीमारी वाले मरीजों को ज्यादा परेशानी होती है। बावजूद पुलिस ऐसे लोगों पर कार्रवाई नहीं कर रही है। ज्यादातर बुलेट वाहन में ऐसे साइलेंसर लगाकर युवक बेखौफ सड़कों पर तेज रफ्तार में वाहन दौड़ाते नजर आते हैं। मोटर साइकिल के आने जाने से व्यापारियों के साथ ही रिहायशी इलाके में भी ध्वनिप्रदूषण के कारण स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। हॉर्न के शोर को 100 डेसीबल से कम करने का सुझाव: शहर में प्रेशर हार्न के कारण सबसे ज्यादा मरीज और छात्र परेशान है, आज शहर के हर मुख्य मार्ग पर बड़े-बड़े वाहन और बाइक में इसका उपयोग हो रहा है। मरीज के परिजन इस मामले में शिकायत भी नहीं कर पाते, क्योंकि प्रेशर हार्न का उपयोग करने वाले कहीं भी गाड़ी ले जाकर इसका उपयोग कर रहे हैं।



### तेज ध्वनि से सुनने की क्षमता प्रभावित

ध्वनि सीमा के लिए बाकायदा कानून भी है लेकिन लोग इसकी परवाह नहीं करते। वाहनों के हॉर्न से निकलने वाली आवाज 100 से 150 डेसीबल तक पहुंच जाती है, नियमों के मुताबिक रिहायशी इलाके में दिन में ध्वनि स्तर 55 डेसीबलऔर रात में 45 डेसीबल होना चाहिए। स्कूलों और अस्पतालों के आसपास 100 मीटर के दायरे में प्रेशर और कान फोड़ू हार्न न बजाने पर पहले से ही सुप्रीम कोर्ट की पाबंदी है। इसके बाद भी नियमों को ताक पर रखकर यहां प्रेशर हॉर्न वाली गाड़ियां शहर में दौड़ रही है। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी श्याम चन्द्र शर्मा ने कहा कि ध्वनि प्रदूषण वाली मोटरसाइकिलों का चलन नगर में बढ़ गया है। स्थानीय लोगों से भी इसकी शिकायत मिली है। ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

# रबी चारा फसलें बरसीम-जई-रिजका बोएं, धान के फसल अवशेष नहीं जलाएं

## दुधारू पशुओं के हरे चारे के लिए चारा फसल बरसीम, जई व रिजका की बुवाई करें

विनय उजाला

**सीहोर, निप्र।** किसान भाई रबी मौसम में उन्नत किस्में बरसीम की उन्नत किस्म जवाहर बरसीम -1, जवाहर बरसीम-5,बुंदेल बरसीम-3, बुंदेल बरसीम-2, वरदान में 80 से 100 टन हरा चारा प्रति हेक्टेयर मिलता है। जई की उन्नत किस्म जेओ-61, जेओ-03-91, जेओ - 5-7 केन्ट जई में 40 से 50 टन हरा चारा प्रति हेक्टेयर मिलता है। लूर्सन की उन्नत किस्म जेबी -5, आनंद लूर्सन-3 में 50 से 55 टन हरा चारा प्रति हेक्टेयर मिलता है।

वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक के अनुसार, विज्ञानबीज दर,खाद व उर्वरक बरसीम की समय से बुवाई के लिए बीज दर 20 से 25 किलो प्रति हेक्टेयर एवं देर से बुवाई के लिए 35 किलो प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करें। खाद की मात्रा 20 किलो नाइट्रोजन, 80 किलो फास्फोरस,40 किलो पोटाश प्रति हेक्टेयर प्रयोग करें। जई की बीज दर 60 से 70 किलो प्रति हेक्टेयर रखें। खाद की मात्रा 80 किलो नाइट्रोजन, 40 किलो स्फुर व 40 किलो पोटाश प्रति हेक्टेयर उपयोग करें। नाइट्रोजन की आधी मात्रा व स्फुर एवं पोटाश की पूरी मात्रा बुवाई के समय दें। शेष नेत्रजन की आधी मात्रा पहली सिंचाई व दूसरी सिंचाई पर दें। लूर्सन की बुवाई के लिए छिड़काव विधि में बीज दर 12 से 15 किलो प्रति हेक्टेयर रखें। खाद की मात्रा 20 किलो नत्रजन, 80 किलो स्फुर व 40 किलो पोटाश प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करें। कृषि वैज्ञानिक के अनुसार फसल अवशेष प्रबंधन धान की कटाई के बाद गेहूं की बुवाई के लिए धान की नरवाई में आग न लगाएं, क्योंकि इससे सूक्ष्मजीव, मित्र कीट नष्ट हो जाते हैं एवं मृदा की जल धारण क्षमता व उर्वरा शक्ति में कमी आती है। धान की कटाई के समय कंबाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम या स्ट्रा रीपर का उपयोग करें। नरवाई प्रबंधन के लिए रोटावेटर चला कर सीड ड्रिल से बुवाई करें। धान के खेत में बिना हकाई जुताई किए सीधे जीरो टिलेज सीड ड्रिल मशीन से बुवाई करें।

### एमपी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन 25 तक आमंत्रित

**देवास, निप्र।** जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2025-26 की नवीन मान्यता, मान्यता नवीनीकरण, माध्यम वृद्धि, पता परिवर्तन एवं विषय वृद्धि के लिए अशासकीय विद्यालय एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से 25 नवंबर 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक के नवीन मान्यता, मान्यता नवीनीकरण, माध्यम वृद्धि, पता परिवर्तन एवं विषय वृद्धि के आवेदन ऑनलाइन ही स्वीकार किये जाएंगे। अशासकीय विद्यालयों से प्राप्त आवेदनों को मध्यप्रदेश माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शालाओं की मान्यता नियम 2017 एवं मान्यता (संशोधन) नियम 2020 एवं यथा संशोधित नियम 2021 के अन्तर्गत निराकृत किया जाएगा।



# युवक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मितेन्द दर्शन सिंह सोनकच्छ पहुंचे, यशोना के नेतृत्व में स्वागत किया

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** मध्यप्रदेश युवक कांग्रेस अध्यक्ष मितेन्द दर्शन सिंह यादव मंगलवार को सोनकच्छ के ग्राम अघेरा फाटे पर युवक कांग्रेस नेता जसपाल सिंह यशोना तालोद के नेतृव मे युवा कांग्रेस प्रदेश यादव वा युवक कांग्रेस देवास के ग्रामीण अध्यक्ष राजवीर कुड़िया का स्वागत किया। इस अवसर पर. राजवीर कुशवाह बलवान कुशवाह काना बावडिया राहुल तालोद सोहन ठाकुर सवाई सिंह विशाल ठाकुर राहुल जामली धरमेन सुरजना चंदन लालाखेडी जसपाल सिंह आदि युवक कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आर्यन वार्ष्णेय पहले, माधवेन्द्र प्रताप शर्मा दूसरे और श्रीराम झा ने तीसरे स्थान पर रहे

# देवास में आयोजित दो दिवसीय इंटरनेशनल ओपन फिडे रैपिड रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता संपन्न

विनय उजाला

**देवास, निप्र। देवास में भोपाल रोड स्थित सेन थाम एकेडमी में आयोजित दो दिवसीय इंटरनेशनल ओपन फिडे रैपिड रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता के समापन अवसर पर कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कहा कि शतरंज के सभी मैच खेलने के बाद अब मैं यही कहूंगा कि जो जीता वही सिकंदर, शतरंज के सभी मैच खेल कर जितना आनंद प्रतिभागियों को आया उतना ही आनंद मुझे भी आया।**

उन्होंने कहा कि इस तरह की इंटरनेशनल प्रतियोगिता के आयोजन से देवास जिले के शतरंज के खिलाडियों को अपना हुनर दिखाने का एक अच्छा प्लेटफॉर्म मिला है। देवास में आगे भी इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन होता रहेगा, जिससे यहां शतरंज में रूची रखने वाले खिलाडियों को अवसर प्राप्त हो। इंटरनेशनल ओपन फिडे रैपिड रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता में आर्यन वार्ष्णेय ने पहले 25000+ट्रॉफ़ी, माधवेन्द्र प्रताप शर्मा ने दूसरे 15000+ट्रॉफ़ी, श्रीराम झा ने तीसरे 10000+ट्रॉफ़ी स्थान पर रहें।




बेस्ट महिला खिलाडियों में पहले स्थान पर करुणानायके मयूरी, दूसरे स्थान पर पद्मजा नायडू चौहान, तीसरे स्थान पर पूर्वी चंद्रवंशी, चौथे स्थान पर कनक थिटेअ और पांचवें स्थान पर नीमा इशिका रही। बेस्ट मध्यप्रदेश में पहले स्थान पर मितांश दीक्षित, दूसरे स्थान पर नभाय अकोदिया, तीसरे स्थान पर मेदांत जैन, चौथे स्थान पर विवान जैन, पांचवें स्थान पर अमित सिंह रहे। बेस्ट देवास में पहले स्थान पर गोखरू भारत, दूसरे स्थान पर हार्दिक महाजन, तीसरे स्थान पर मुकेश धुरिया, चौथे स्थान पर अभिमन्यु सिंह ठाकुर, पांचवें स्थान पर नवल नीमा रहे। सभी विजेता खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की गई। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को ई प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए, जो की देव शतरंज एसोसिएशन की साइट से खिलाड़ियों को प्राप्त होंगे। प्रतियोगिता में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने भी खिलाड़ी के रूप में उपस्थिति दर्ज कराकर सभी मैच खेले और टॉप 10 रैंकिंग में छटवां स्थान प्राप्त किया। दो दिवसीय इंटरनेशनल ओपन फिडे रैपिड रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता में पहले दिन पांच राउंड और दूसरे दिन चार राउंड खेले गए। दो दिनों तक खेली गई इस प्रतियोगिता में नेपाल, श्रीलंका सहित भारत के विभिन्न प्रदेशों से आए 326 खिलाड़ियों ने अपने शतरंज खेल का उम्दा प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों के परिजनों का भी विशेष ध्यान रखते हुए सभी व्यवस्थाएं की गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### सहायक प्रोग्रामरों का कम्प्यूटर प्रशिक्षण शुरू, 22 नवम्बर तक चलेगा प्रशिक्षण



**भोपाल, निप्र।** विभागीय प्रोग्रामर एवं सहायक प्रोग्रा मरों का बेसिक कंप्यूटर आपरेशन्स के अंतर्गत एम. एस. ऑफिस 2021 प्रोफेशनल विषय पर क्रिस्प संस्था श्यामला हिल्स भोपाल में प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। यह 18 नवम्बर को प्रारंभ हो गया है। आयुक्त आर्थिक एवं सांख्यिकी ने बताया है कि विभाग के सभी स्तर के अधिकारी एवं कर्मचारियों को क्रिस्प सस्थान में संवर्ग अनुसार अलग अलग बैचों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण आगामी 22 नवम्बर तक चलेगा। विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों के लिये यह प्रशिक्षण अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।

### मुख्य सचिव ने की सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 की समीक्षा

**भोपाल, निप्र।** मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने मंगलवार को मंत्रालय में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 की समीक्षा की। श्री जैन ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया नियंत्रण के लिए व्यापक रणनीति बनाकर कार्य किया जाये। लक्ष्य प्राप्त करने के लिए विभिन्न विभाग मिलकर संयुक्त रूप से कार्य करेंगे तो अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। पीड़ित लोगों को जागरूक करने के लिए संवाद कायम करें। भविष्य में शोध कार्य के अनुरूप डाटा संकलन किया जाये। मुख्य सचिव ने निर्देश दिये कि ऐसी व्यवस्था बनाई जाये कि वर्तमान में किये जा रहे टेस्ट के साथ अन्य बीमारियों की भी जांच हो सके। मशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ. सलोनी सिडाना ने सिकल सेल एनीमिया के कारण एवं रोकथाम के प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके उन्मूलन के लिए 4 स्तरों पर कार्य किया जा रहा है। इसमें स्क्रीनिंग, मैनेजमेण्ट, कॉउंसलिंग एवं जन-जागरूकता के लिए प्रयास सम्मिलित हैं। बैठक में प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग श्री संदीप यादव उपस्थित रहे।

### वन्य-जीवों को करंट से बचाने के संबंध में राष्ट्रीय स्तर का मंथन

**भोपाल, निप्र।** विद्युत लाइनों से आमजनों, कार्मिकों एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए हरसंभव कोशिश की जा रही है। इसी क्रम में भारतीय वन्य जीवन संस्थान देहरादून ने वन्यजीवों की सुरक्षा, करंट से मृत्यु कम करने को लेकर राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला 20 से 22 नवंबर तक आयोजित की है। इसमें पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से दो कार्मिक शामिल होंगे। कार्यशाला में पर्यावरण सुरक्षा, हाथी व अन्य जीवों की करंट से रक्षा, वन्य जीवों की जोखिम को कम करने के हर संभव प्रयास, बिजली लाइनों के स्वरूप में बदलाव की संभावना और क्रियान्वयन, अंडर ग्राउंड लाइनें एवं केबलीकरण, 33/11 केवी लाइनों की गार्डिंग इत्यादि पर मंथन होगा। पश्चिम क्षेत्र से सुरक्षा शाखा प्रभारी एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री आरके नेगी, वरिष्ठ लाइन परीक्षण सहायक श्री आरएन व्यास भाग ले रहे हैं। इसमें देशभर से पॉवर ट्रांसमिशन एवं बिजली वितरण कंपनी से जुड़े कार्मिकों को आमंत्रित किया गया है।

### अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस 10 दिसम्बर को



**भोपाल, निप्र।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस 10 दिसम्बर को आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और विशेष अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल रहेंगे। अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के कार्यक्रम का केन्द्रीय विषय भारत में वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल और सुरक्षा, सामाजिक जिम्मेदारी, कानूनी सुरक्षा और मानव अधिकार पर आधारित होगा। मानव अधिकार आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने मानव अधिकार आयोग में विषय से संबंधित विभागों के अधिकारियों की आयोजन की तैयारियों के संबंध में बैठक ली। बैठक में वृद्धजन कल्याण से संबंधित योजनाओं एवं अन्य सुसंगत जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। बैठक में सामाजिक न्याय, स्वास्थ्य, पुलिस, नगर निगम, अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के अधिकारी और मानव अधिकार आयोग के सदस्य श्री राजीव कुमार टंडन भी उपस्थित रहे।

## वन विहार में पक्षी अवलोकन एवं नेचर कैम्प शुरू

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड के सहयोग से वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल में पक्षी अवलोकन एवं नेचर कैम्प का आयोजन किया गया। नेचर कैम्प में छात्र-छात्राओं में वन, वन्य-प्राणियों एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता तथा प्रकृति संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने की दृष्टि से भोपाल शहर एवं उसके आसपास के ग्रामों के शासकीय विद्यालयों के लिये कैम्प आयोजित किया गया। कैम्प में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक, स्टेशन भोपाल के 41 छात्रों एवं 3 शिक्षकों ने भाग लिया। कैम्प में सम्मिलित प्रतिभागी छात्रों के साथ वन्य-प्राणी संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं वनों की रक्षा के संबंध में विचार साझा कर जागरूकता की समझाईश दी गयी। कैम्प में विषय-विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को पक्षी दर्शन, तितली, वन्य-प्राणी और विद्यमान वानिकी गतिविधियों की जानकारी दी गयी। साथ ही वन, वन्य-प्राणी और पर्यावरण से संबंधित रोचक गतिविधियाँ करायी गयीं और उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया गया। इसके अलावा बाघ, तेंदुआ, भालू, मगर, घड़ियाल, चीतल, सांभर, नीलगाय वन्य-प्राणियों का अवलोकन भी कराया गया। वुलीनेक स्टॉर्क, किंगफिशर जैसे पक्षी एवं नीडम क्षेत्र में कृत्रिम घोंसले और पक्षियों के पुतले भी दिखाये गये। मिशन लाइफ अंतर्गत पर्यावरण को बचाने के लिये प्रतिभागियों द्वारा शपथ भी ली गयी। प्रतिभागी छात्रों को विहार वीथिका स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में वन्य-प्राणियों से संबंधित एनिमेशन फिल्म भी दिखायी गयी।

भारतीय जीवन मूल्यों के सामर्थ्य ने ही प्रधानमंत्री मोदी को वर्तमान वैश्विक संघर्षों में शांतिदूत के रूप में स्थापित किया

# भगवान श्रीराम और पांडवों की जीत का आधार उनके जीवन मूल्य ही थे : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत का अतीत गौरवशाली रहा है और भारत प्राचीनकाल से ही वैश्विक स्तर पर उच्च शिक्षा का मुख्य केन्द्र रहा। कई देशों के विद्यार्थियों, राजकुमारों ने तक्षशिला, नालंदा जैसे भारत के विश्वविद्यालयों में शिक्षा ग्रहण की। लेकिन ऐतिहासकि रूप से हमें ऐसा कोई उल्लेख प्राप्त नहीं होता, जिसमें भारत में शिक्षा ग्रहण किए किसी व्यक्ति अथवा सत्ताधीश ने अन्य राज्य पर आक्रमण किया हो।**

यह तथ्य प्राचीन काल से चली आ रही हमारी शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ जीवन मूल्यों और नैतिक मूल्यों को दर्शाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को होटल ताज में एसोसिएशन ऑफ यूनिवर्सिटीज ऑफ एशिया एंड द पैसिफिक के 17वें सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### अतीत से वर्तमान की कई घटनाएं जीवन मूल्यों के प्रति दृष्टिकोण की भिन्नता के कारण हुई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उच्च शिक्षा का बदलता स्वरूप और हमारे जीवन मूल्य विषय पर आयोजित यह सम्मेलन सम-सामयिक महत्व का है। अतीत से लेकर वर्तमान तक की कई घटनाएं जीवन मूल्यों के प्रति दृष्टिकोण की भिन्नता के परिणाम स्वरूप ही घटित हुईं। रामायण काल में रावण हो या महाभारत काल में कौरव, योग्यता और क्षमता में कोई भी कम नहीं था, लेकिन उनके जीवन मूल्य और नैतिक मूल्य उचित नहीं थे, इसी कारण उन्हें कभी सम्मान नहीं मिला और वे समाज में तथा इतिहास में सदैव नकारे गए। कर्ण की योग्यता अद्भुत थी, लेकिन उनकी दृष्टि, प्रतिशोध, जिद और नकारात्मक भाव ने उन्हें पतन की ओर अग्रसर किया। इसी प्रकार के उदाहरण हमें सोने की लंका बनाने वाले रावण के भी प्राप्त होते हैं। सभी प्रकार के वैभव और सामर्थ्य होने के बाद भी वे कभी स्वीकारे नहीं गए और नैतिक मूल्यों के



आधार पर ही वनवासी श्रीराम ने उन्हें परास्त किया। अर्थात् यह नैतिक मूल्यों और जीवन मूल्यों की ही विजय थी।

### नई शिक्षा नीति के माध्यम से लागू किए जा रहे हैं कई नवाचार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रूस-यूक्रेन युद्ध और इजराइल के संघर्ष का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे आदर्शों और जीवन मूल्यों का ही परिणाम है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इन संघर्षों में भी शांति के लिए प्रयास करते दिखाई देते हैं। यह भारतीय जीवन मूल्यों के सामर्थ्य को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2020 से लागू नई शिक्षा नीति के माध्यम से पढ़ने और सीखने की प्रक्रिया को अधिक लचीला, सरल और रूचिपूर्ण बनाते हुए विद्यार्थियों को विभिन्न संकायों के विषयों के अध्ययन की सुविधा प्रदान की गई है। अध्ययन प्रक्रिया को आयु के बंधन से मुक्त करते हुए क्रेडिट प्रदान करने जैसे नवाचार भी प्रदेश में किए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एसोसिएशन ऑफ यूनिवर्सिटीज ऑफ एशिया एंड द पैसिफिक को मध्यप्रदेश में अपनी गतिविधियों के विस्तार के लिए आमंत्रित किया।

### वैश्विक स्तर की शिक्षा देश में ही उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध

जागरण लेक सिटी यूनिवर्सिटी के चांसलर श्री हरिमोहन गुप्ता ने बताया कि 35 देशों में फैले एसोसिएशन ऑफ यूनिवर्सिटीज ऑफ एशिया एंड द पैसिफिक का सम्मेलन भारत में पहली बार हो रहा है। एसोसिएशन मध्यप्रदेश में उच्च शिक्षा और कौशल विकास पर केन्द्रित वैश्विक संस्थाओं की स्थापना कर विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर की शिक्षा देश में ही उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन, शिक्षाविद श्री अनूप स्वरूप और विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि तथा विषय-विशेषज्ञ उपस्थित थे।

## मानवता के कल्याण के लिए शिक्षा अहम : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

### एयूएपी के 17 वें सामान्य सभा सम्मेलन में हुए शामिल

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि मानवता के कल्याण के लिए शिक्षा अहम है। उपयुक्त, संस्कारयुक्त शिक्षा और समुचित उपचार की सुविधा, विकास को सार्थक बनाती है।

विश्व के कल्याण के लिए सभी को एकजुट होकर सशक्त प्रयास करने होंगे। इस प्रयास में शैक्षणिक संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के गौरवशाली नेतृत्व में भारत वसुधैव कुटुंबकम् की अवधारणा से कार्य कर रहा है। सभी सुखी हों, सभी निरोगी हों, सभी का कल्याण हो इसी मूलमंत्र से प्रयास ज़ारी हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल एसोसिएशन ऑफ़ यूनिवर्सिटीज



एशिया एंड पैसिफिक (क्क) के 17 वें सामान्य सभा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने रोजगारपरक शिक्षा पर ज़ोर दिया है। शैक्षणिक सामग्री और विभिन्न पाठ्यक्रम में वैश्विक आवश्यकतानुसार योग्यताओं को शामिल करने पर कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत आज सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था है, वर्ष 2047 तक भारत शीर्ष में होगा। इस कार्य के लिए सभी का प्रयास ज़रूरी है, सही शिक्षा, सही कुशलता ज़रूरी है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि चिकित्सा सेवाओं को सशक्त करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा 75 हज़ार एमबीबीएस सीटों की वृद्धि की जाने की घोषणा की गयी है। मध्यप्रदेश में वर्तमान में शासकीय एवं निजी चिकित्सा शिक्षा संस्थानों में 5 हज़ार एमबीबीएस सीट और 2250 पीजी सीट हैं। इन्हें आगामी 5 वर्षों में 8 हज़ार एमबीबीएस सीट और 5000 पीजी सीट तक ले जाने का लक्ष्य है। उप मुख्यमन्त्री श्री शुक्ल ने एसोसिएशन ऑफ़ यूनिवर्सिटीज एशिया एंड पैसिफिक (क्क) के सफल आयोजन के लिए वाईस प्रेसिडेंट क्क श्री हरिमोहन गुप्त और आयोजकों को शुभकामनाएँ दीं। उल्लेखनीय है कि एयूएपी का पहली बार सम्मेलन भारत में आयोजित हुआ है। सम्मेलन में 35 देशों के विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## पर्वतारोही मुस्कान को मिलेगी 4 लाख की प्रोत्साहन राशि

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की साहसी बिटिया को दी बधाई

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अशोक नगर जिले की निवासी पर्वतारोही सुश्री मुस्कान रघुवंशी को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए 4 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि देने के निर्देश दिए हैं। सुश्री मुस्कान अशोक नगर जिले के ग्राम महाना के निवासी श्री रामकृष्ण रघुवंशी की बेटी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आस्ट्रेलिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट कोंजिअस्को को कम उम्र में फतह कर विश्व रिकार्ड बनाने वाली मुस्कान के साहसिक कार्य के लिए बधाई देते हुए आगामी पर्वतारोहण कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं भी दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की यह बेटी नई सफलताएं प्राप्त करेगी।

उल्लेखनीय है कि 23 वर्ष आयु की मुस्कान भोपाल के रविन्द्र नाथ टैगोर विश्वविद्यालय से बीपीएड का पाठ्यक्रम कर रही हैं। उन्होंने जब आस्ट्रेलिया के पर्वत की चोटी को छुआ था तो अपने आयु वर्ग में सबसे कम उम्र की पर्वातारोही थीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 24 अगस्त 2024 को चंदेरी प्रवास के दौरान मुस्कान को उनके द्वारा बनाए गए रिकार्ड के लिए बधाई दी थी। मुस्कान शीघ्र ही दक्षिण अफ्रीका के तंजानिया में माउंट क्लीमंजारो की चोटी पर पहुंचने के लिए रवाना होने वाली हैं।

## एसएनसीयू खरगोन के समर्पित प्रयास से नवजात का जीवन हुआ संरक्षित

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को संरक्षित करने के समेकित प्रयास राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे हैं। हाई रिस्क प्रेगनेंसी का चिन्हांकन कर सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने के साथ गंभीर नवजात शिशुओं को स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) में विशेष देखभाल कर उनका जीवन सुरक्षित किया जा रहा है।

खरगोन ज़िले के बड़गांव की निवासी श्रीमती अंजलि पति नीरज ने 13 अक्टूबर को 28वें सप्ताह में समय से पहले नवजात शिशु को जन्म दिया। शिशु का वजन मात्र 990 ग्राम था और उसे गंभीर श्वांस संबंधी समस्याएं थीं, स्थिति की गंभीरता को देखते हुए शिशु को तुरंत एसएनसीयू



खरगोन में भर्ती किया गया। डॉक्टरों, नर्सिंग अधिकारियों और सपोर्ट स्टॉफ की समर्पित टीम ने 36 दिनों तक शिशु का उपचार किया। कंगारू मदर केयर तकनीक और बिना किसी एंटीबायोटिक्स के सफल देखभाल के बाद 18 नवंबर को शिशु का वजन बढ़कर 1.470 किलोग्राम हो गया है। अब शिशु को पूर्णतः स्वस्थ अवस्था में डिस्चार्ज कर दिया गया है। साथ ही शिशु के माता-पिता को घर पर देखभाल और वजन बढ़ाने के लिए सभी आवश्यक सलाह दी गई है।

## बॉक्सिंग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का मित्तल इंस्टिट्यूट में आयोजन

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मित्तल ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूट में राजीव गाँधी प्रौद्योगिकी विश्विविद्यालय भोपाल की राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इस बॉक्सिंग प्रतियोगिता मेँ मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों के इंजीनियरिंग महाविद्यालय के लगभग 60 से अधिक छात्र - छात्राओं ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया।

इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्था के रजिस्ट्रार कर्नल एफ.बी.अल्लावली जी ने सभी प्रीतिभागियों को खेल भावना से खेलने का आव्हान किया,और खेल नियम से अवगत कराते हुए बताया कि बॉक्सिंग मूल रूप से एक संघर्षशील खेल है जो व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता



है।आरजीपीभी के अधिष्ठाता एवं छात्र कल्याण परिषद के अध्यक्ष डॉ. के.टी. चतुर्वेदी जी के मुख्य आतिथ्य मेँ इसका शुभारंभ हुआ, भोपाल के बॉक्सिंग विशेषज्ञ श्री रोशन लाल जी इसके मुख्य निर्णायक रहे! मित्तल महाविद्यालय के खेल प्रभारी (अंतर्राष्ट्रीय पावर लिफ्टर विशेषज्ञ ) मुकेश त्रिपाठी के संरक्षण मेँ यह समस्त प्रतियोगिताये आयोजित की गयी। इस राज्य स्तररीय प्रतियोगिता मेँ चयनित सभी प्रतिभागी अगले माह गुरु काशी विश्वविद्यालय-भटिंडा मेँ आयोजित होने वाली ऑल इंडिया युनिवर्सिटी बॉक्सिंग प्रतियोगिता में आरजीपीवी भोपाल की ओर से प्रतिनिधित्व करेंगे! इस बॉक्सिंग प्रतियोगिता मेँ विभिन्न वजन वर्ग मेँ निम्न खिलाडियों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किये! जिसमे बालिकाओं के 48 से 75 किग्रा वर्ग में कशिश महोरिया, दीपशिखा, आरजू दहिया, पायल रावत, सलोनी पराथे, धुर्वा जैन, खुशी सिंह, दृष्टि वर्मा, किरण ठाकुर एवं विदुषी रिछारिया ने स्वर्ण पदक प्राप्त किये, वही बालक वर्ग के 48 से 86 किग्रा वर्ग में नवनीश, प्रांजल सिकरवार, रवि साहू, गौरव भाटी, अनुज तिवारी, आर्यन बेस, सुमित मौरे, मानस रोसे, मानव गोस्वामी, बलवीर कौल एवं हर्षित ओलियान ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए। मित्तल संस्था के सभी संकाय के प्राचार्य एवं डायरेक्टर डॉ सिमरीना सिंह जी एवं शिक्षा संकाय के प्राध्यापक डॉ विनय कुमार दीवान द्वारा सभी विजेता छात्रों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित नित किया। मित्तल इंजीनियरिंग महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अर्पण द्विवेदी जी ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

राजस्व प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में किया जाए सुनिश्चित

# राजस्व प्रकरणों के निराकरण में मध्यप्रदेश का स्थान देश के अव्वल प्रदेशों में

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने कहा है कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में मध्यप्रदेश का स्थान देश के अव्वल प्रदेशों में है। अब हमारा यह प्रयास है कि इंदौर जिले को भी राजस्व प्रकरणों के निराकरण के क्षेत्र में प्रदेश में अव्वल बनाया जाए।**

इंदौर जिले में औसत रूप से अब तक 87 प्रतिशत से अधिक राजस्व प्रकरणों का निराकरण हो चुका है। शेष लम्बित प्रकरणों के निराकरण के लिए कार्रवाई तेजी से जारी है। उन्होंने कहा कि किसानों तथा भूधारकों के हित को ध्यान में रखते हुए राजस्व प्रकरणों के निराकरण के संबंध में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में राजस्व महा अभियान 3.0 शुरू किया गया है।

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने आज इंदौर के रेसीडेंसी में जिले के समस्त राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, विधायक सुश्री उषा ठाकुर, कलेक्टर श्री आशीष सिंह सहित सभी अपर कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, नायब



तहसीलदार और अन्य राजस्व अधिकारी मौजूद थे। बैठक में मंत्री श्री वर्मा ने इंदौर जिले में चल रहे राजस्व महा अभियान 3.0 की प्रगति और राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए की सभी राजस्व प्रकरण निर्धारित समय सीमा में निराकृत किए जाएं। राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही, लेतलाली तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि अक्षम्य है। लापरवाही, लेतलाली तथा त्रृटि करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों का निराकरण हर हाल में समय सीमा में सुनिश्चित किया जाए। राजस्व प्रकरणों का निराकरण किसानों एवं भूधारकों के हित से जुड़ा हुआ विषय है प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का संकल्प है कि किसानों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण के संबंध में किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के इसी संकल्प को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में राजस्व महा अभियान चलाया जा रहा है। राजस्व प्रकरणों के निराकरण और राजस्व संबंधी अन्य कार्यों के लिए किसी को भी परेशान नहीं होना पड़े। सभी राजस्व अधिकारी किसानों एवं अन्य भू- धारकों के हित में पूर्ण लगन, ईमानदारी, मेहनत से संवेदनशील होकर कार्य करें। सभी राजस्व अधिकारी अपने अधिकारों के साथ ही कर्तव्यों पर भी विशेष ध्यान दें। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने विगत दो राजस्व महा अभियान में प्राप्त उपलब्धियां तथा वर्तमान राजस्व महा अभियान 3.0 की प्रगति की जानकारी दी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा उषा प्रिंटर्स, तिलक मार्ग, अमला लाइन, अलीराजपुर से मुद्रित एवं 13/2, ब्लॉक सी, केशव नगर, अलीराजपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, स्थानीय संपादक - श्रीमती दिव्या गुप्ता *, फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, 8889766697, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। RNI. Reg. MPHIN/2019/78560